
डाक पंजीयन नं. 99/2021-23
E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com
website:www.aadhuniksamachar.com



आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमा:- 'भाबीजी घर पर हैं' की 'अंगूरी भाभी' ने तलाक के बाद करा डाला ऐसा बोल्ड फोटोशूट यूजर ने कहा- शुरुआत हो चुकी है

वर्ष -09 अंक -29 | प्रयागराज ,सोमवार, 03, अप्रैल, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### असम के डिब्रूगढ़ में चलती ट्रेन की चपेट में आने से आरपीएफ जवान की मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)

**डिब्रूगढ़।** असम के डिब्रूगढ़ टाउन रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) का एक जवान चलती ट्रेन की चपेट में आ गया। ट्रेन की चपेट में आने से आरपीएफ के जवान की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के अधिकारियों ने बताया कि मृतक आरपीएफ जवान की पहचान हवलदार धनकुमार हाजोंग के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, यह घटना शुक्रवार रात करीब 08.45 बजे की है। अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक बिंदु में यह दुर्घटना का मामला लग रहा है। हालांकि, जांच के बाद ही चीजें स्पष्ट हो पाएंगी। जीआरपी के सब-इंस्पेक्टर मृणाल डेका ने बताया, शव को पोस्टमार्टम के लिए असम मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। हम मामले की आगे की जांच कर रहे हैं। मामले में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

### देश में कोरोना के कुल 3641 ताजा मामले स्वास्थ्य मंत्री बोले घबराने की जरूरत नहीं

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना के ताजा मामलों में कमी देखने को मिली है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 3,641 नए मामले सामने आए हैं। कल यानी रविवार को कुल 3,824 मरीज मिले थे। देश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मंत्रालय ने बताया कि देश में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 20,219 हो गई है। वहीं, इस दौरान कोरोना से 11 लोगों की जान भी गई है। महाराष्ट्र में तीन, जबकि दिल्ली, केरल, कर्नाटक और राजस्थान में एक-एक मरीज की मौत हुई है डेली पॉजिटिविटी दर- 6.12 फीसदी साप्ताहिक पॉजिटिविटी दर- 2.45 फीसदी एक्टिव केस- 0.05 फीसदी देश में कोरोना के कुल मरीजों की संख्या अब 4 करोड़ 47 लाख 26 हजार 246 हो गई है।

## 14 सांसद अयोग्य हुए, लेकिन गांधी परिवार खुद को मानता है कानून से ऊपर

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को कहा कि लालू प्रसाद यादव समेत 14 सांसदों को आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद अयोग्य ठहराया गया है, लेकिन गांधी परिवार खुद को कानून से ऊपर मानता है और राहुल गांधी को लोकसभा सदस्यता के अयोग्य ठहराने पर आंसू बहा रहा है। एक कार्यक्रम में अनुराग ठाकुर ने प्रियंका गांधी वाड्रा के उनके परिवार का देश के लिए बलिदान के दावे पर पलटवार करते हुए कहा कि नेहरू-गांधी परिवार की तीन पीढ़ियों ने 60 वर्षों तक देश पर शासन किया है, जबकि स्वतंत्रता संघर्ष में योगदान देने वाले हजारों लोग संसद तक भी नहीं पहुंच सके। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार खुद को कानून, संसद और देश से ऊपर मान रहा है और जर्मनी, अमेरिका व ब्रिटेन के आगे घुटने टेक रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "वे भूल गए कि मतदान भारत के लोग करते हैं। वे विदेश में आंसू बहा सकते हैं, लेकिन यहां गुजरात से त्रिपुरा, मेघालय व नगालैंड, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मणिपुर, गोवा तक.. हर जगह भाजपा जीत दर्ज कर रही है।ठाकुर ने आरोप लगाया कि राजनीतिक परिश्य से राहुल गांधी को हटाने के लिए कांग्रेस के अंदर ही साजिश रची गई। उन्होंने आश्चर्य जताते हुए कहा, 'न तो प्रियंका गांधी और न ही किसी अन्य कांग्रेस नेता ने राहुल गांधी को राजनीतिक परिश्य से हटाने की साजिश के आरोपों पर जवाब दिया। ये कौन लोग हैं जो राहुल गांधी से छुटकारा पाना चाहते हैं? किसने यह सुनियोजित साजिश रची है।' केंद्रीय मंत्री ने कहा, "लोग उनके समर्थन में बाहर निकलने को तैयार नहीं हैं। वे (कांग्रेस) इससे फायदा कैसे उठाएंगे? उन्हें पूरे पिछड़े समुदाय के गुस्से का शिकार होना पड़ा है। क्या लोग ऐसे व्यक्ति का समर्थन करेंगे जो खुद को कानून से ऊपर मानता है। ठाकुर ने राहुल गांधी की तुलना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से करने के लिए कांग्रेस की आलोचना भी की। उन्होंने कहा, "एक व्यक्ति है जिसने 22 वर्ष सरकार के प्रमुख के रूप में एक भी छुट्टी नहीं ली। उनका देश के प्रति समर्पण ऐसा है कि वह अपनी मां का अंतिम संस्कार करने के दो घंटे के भीतर काम पर लौट आए। और आप उनकी तुलना राहुल गांधी से कर रहे हैं जो कहते हैं कि मैं सावरकर नहीं हो सकता। आप कुछ भी नहीं हो सकते।आपको प्रत्येक तीन महीनों में विदेश में छुट्टियां बितानी होती है।"केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कांग्रेस पर राहुल को लेकर बेहद निचले दर्जे की राजनीति और चर्चा करने का आरोप लगाया।



## आपको कहीं भी हिचकने-रुकने की जरूरत नहीं; एक भी भ्रष्टाचारी नहीं बचना चाहिए

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केंद्रीय जांच एजेंसी की डायमंड जुबली कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साथ ही पीएम ने शिलांग, पुणे और नागपुर में ँएघ् के नवनिर्मित कार्यालय परिसरों का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आज नए कार्यालयों का शुभारंभ को कार्य करने में और सहायता प्रदान करेगा। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भारत की प्राथमिक जांच एजेंसी है, जिसे 1 अप्रैल 1963 को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के एक संकल्प द्वारा स्थापित किया गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि ँएघ् की जांच की मांग के लिए तो आंदोलन तक किए जाते हैं, लोग कहते हैं कि मामले को को दे दें। न्याय, इंसाफ के ब्रैंड के तौर ँएघ् का नाम सबकी जुबान पर है। जिन्होंने भी ँएघ् में योगदान दिया वे बधाई के पात्र हैं। के डायमंड जुबली कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पता है कि जिन लोगों के खिलाफ आप कार्रवाई कर रहे हैं, वे बहुत शक्तिशाली हैं। वे सालों से सरकार और व्यवस्था का हिस्सा रहे हैं। कुछ राज्यों में आज भी वे सत्ता में हैं, लेकिन सीबीआई को अपने काम पर ध्यान देना है, किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाना चाहिए।पीएम ने कहा आज देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति में कोई कमी नहीं है। आपको कहीं भी हिचकने, कहीं रुकने की जरूरत नहीं है। इस दौरान पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भी बात की। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से की जिम्मेदारी भ्रष्टाचार से देश को मुक्त करने की है। भ्रष्टाचार कोई सामान्य अपराध नहीं होता। भ्रष्टाचार, गरीब से उसका हक छीनता है, अनेक अपराधों को जन्म देता है। भ्रष्टाचार, लोकतंत्र और न्याय के रास्ते में सबसे बड़ा रोड़ा होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 10 साल पहले ज्यादा से ज्यादा भ्रष्टाचार करने की होड़ लगी थी। उस दौरान बड़े-बड़े घोटाले हुए, लेकिन आरोपी डरे नहीं क्योंकि सिस्टम उनके साथ खड़ा था। 2014 के बाद हमने भ्रष्टाचार, कालेधन के खिलाफ मिशन मोड में काम किया है। भ्रष्टाचारियों ने देश का खजाना लूटने का एक और तरीका बना रखा था जो दशकों से चला आ रहा था। ये सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से लूट थी। आज जनधन, आधार, मोबाइल की ट्रिनिटी से हर लाभार्थी को उसका पूरा हक मिल रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जहां भ्रष्टाचार होता है, वहां युवाओं को उचित अवसर नहीं मिलते। वहां सिर्फ एक विशेष ही फलता-फूलता है। भ्रष्टाचार प्रतिभा का सबसे बड़ा दुश्मन होता है और यहीं से भाई-भतीजावाद, परिवारवाद को बल मिलता है। उन्होंने कहा जब भाई-भतीजावाद और परिवारवाद बढ़ता है, तो समाज का, राष्ट्र का सामर्थ्य कम होता है। जब राष्ट्र का सामर्थ्य कम होता है तो विकास प्रभावित होता है।



## पाकिस्तान में एक महीने के अंदर दूसरी टारगेट किलिंग की घटना

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में हालात नहीं सुधर रहे हैं। वहां अल्पसंख्यकों पर लगातार हमले जारी हैं। कराची में एक हिंदू डॉक्टर को टारगेट किलिंग का निशाना बनाया गया है। एक पाकिस्तानी हिंदू डॉक्टर बीरबल जेनानी गुरुवार को अपने क्लिनिक से घर लौट रहे थे। उसी दौरान कराची में लयारी के पास उनकी हत्या कर दी गई। हिंदू डॉक्टर की गोली मारकर हत्या जियो न्यूज ने बताया कि कराची मेट्रोपॉलिटन कॉरपोरेशन (केएमसी) के पूर्व स्वास्थ्य और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बीरबल जेनानी की गुरुवार को कराची में अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार, डॉ. बीरबल जेनानी और उनकी सहायक महिला डॉक्टर रामस्वामी से गुलशन-ए-इकबाल की ओर जा रहे थे। उसी दौरान ल्यारी एक्सप्रेसवे पर गार्डन इंटरचेंज के पास अज्ञात लोगों ने उनकी कार को निशाना बनाया। सहायक महिला डॉक्टर घायल डॉक्टर जेनानी की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं उनकी सहायक महिला डॉक्टर गोली लगने से घायल हो गईं। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और बचाव अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शव को बरामद किया तो वहीं घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया।पत्रकारों से बात करते हुए, एसएसपी सिटी आरिफ अजीज ने डॉ. जेनानी की हत्या को ठटारगेट किलिंगठ की घटना बताई। अजीज ने आगे कहा कि हत्या के पीछे की सही वजह का अभी पता नहीं चल पाया है।



## आईपीओ में निवेश का मौका, आज खुलने जा रहे हैं ये चार एसएमई आईपीओ

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** अगर आप शेयर बाजार में पैसे लगाने के लिए आईपीओ का इंतजार कर रहे हैं, तो ये खबर आपके लिए है। आज चार नए आईपीओ बाजार में दस्तक देने वाले हैं। ये आईपीओ एसएमई सेगमेंट के होंगे इनमें से दो आईपीओ को एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म से लॉन्च किया जाएगा, जबकि को बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म से लॉन्च किया जाएगा। एक डिजिटल प्रोडक्ट्स और सेवा प्रदाता कंपनी है। कंपनी को एसएमई आईपीओ के जरिए 50 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। इस आईपीओ में 65.74 लाख शेयर जारी किए जाएंगे, जिसमें से 57.74 लाख शेयर फ्रैश और 8 लाख शेयर ओएफएस होंगे। आईपीओ का प्राइस बैंड 72-76 रुपये प्रति शेयर होगा। इसका लॉट साइज 1600 शेयरों का तय किया गया है। एक कॉन्टैक्ट रिसर्च और मैन्युफैक्चरिंग सर्विसेज कंपनी है। कंपनी अपने ग्राहकों के लिए एपीआई, आयोडीन डेरिवेटिव्स और फार्मा इंटरमीडिएट्स के निर्माण और आपूर्ति में काम करती है। कंपनी प्रदर्शनियों, कॉन्फ्रेंस और इंवेट के लिए सेवाएं देने का काम करती है। आईपीओ का लॉट साइज 2000 शेयरों का तय किया गया है। आईपीओ में 33 लाख फ्रैश शेयर जारी किए जाएंगे और कंपनी को इस आईपीओ से 21 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2022-23 में एसएमई आईपीओ में काफी बढ़ोतरी देखने को मिली है और इस दौरान 2229 करोड़ रुपये के 125 एसएमई आईपीओ आए थे। 2021-22 में 70 एसएमई आईपीओ ने 965 करोड़ रुपये जुटाए थे। की ओर से भी 5.15 करोड़ रुपये का एसएमई आईपीओ लॉन्च किया जा रहा है। इसका लॉट साइज 3000 शेयरों का है और ऑफर प्राइस 47 रुपये तय किया गया है।




## जेडीएस नेता कुमारस्वामी 19 अप्रैल को चन्नापटना से दाखिल करेंगे नामांकन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**रामनगर।** कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनितिक पार्टी तैयार है। इसी को देखते हुए जेडीएस नेता एच डी कुमारस्वामी 19 अप्रैल को चन्नपटना क्षेत्र से उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। वहीं, उनके बेटे निखिल कुमारस्वामी 17 अप्रैल को पड़ोसी रामनगर से पार्टी के उम्मीदवार के रूप में अपना पर्चा दाखिल करेंगे। जेडीएस नेता एच डी कुमारस्वामी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी है। बता दें कि वर्तमान विधानसभा में कुमारस्वामी चन्नापटना का प्रतिनिधित्व करते हैं जबकि रामनगर का प्रतिनिधित्व उनकी पत्नी और निखिल की मां अनीता कुमारस्वामी करती हैं। अभिनेता से नेता बने और जेडीएस पार्टी के युवा विंग के अध्यक्ष निखिल 2019 का लोकसभा चुनाव मांड्या के पार्टी गढ़ से भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सुमलता अंबरीश से हार गए थे। जेडीएस ने दिसंबर में 93 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची की घोषणा की। कुमारस्वामी ने कहा कि वह और जेडीएस के प्रदेश अध्यक्ष सी एम इब्राहिम सोमवार शाम मिलेंगे। संभावना जातई जा रही है कि सोमवार को ही उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की जा सकती है। 40-50 निर्वाचन क्षेत्रों के उम्मीदवारों की सूची तैयार है वहीं, तीसरी सूची में चार से पांच दिन लग सकते हैं।



## देश में लगातार दूसरे दिन तीन हजार से ज्यादा कोरोना के मामले

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामलों में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि बीते 24 घंटे में कोरोना के 3,095 मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं, इससे पहले कल यानी गुरुवार को कुल 3,016 मामले सामने आए थे। एक दिन में कोरोना के मामले 79 बढ़ गए हैं। देश में कोरोना के सक्रिय मामले में अब 15 हजार के पार हो गए हैं। कोरोना के अभी 15208 सक्रिय हैं। सीएम केजरीवाल ने बुलाई बैठक उधर, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कोरोना की स्थिति पर समीक्षा के लिए शुक्रवार को एक बैठक बुलाई है। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के अलावा वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। इससे पहले, गुरुवार को सौरभ भारद्वाज ने स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ मुलाकात कर हालात का जायजा लिया था। 220.65 करोड़ से ज्यादा लगी वैक्सीन देश में कोरोना वैक्सीन की अब तक 220.65 करोड़ से ज्यादा खुराक दी जा चुकी है। 102.73 करोड़ से ज्यादा लोगों को पहली डोज लग चुकी है। 95.19 करोड़ से ज्यादा दूसरी खुराक दी गई है। इसके अलावा देश में 22.72 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रीकॉशन डोज भी लग चुकी है।



## मणिपुर में एनआरसी लागू करने के लिए है केंद्र की मंजूरी की आवश्यक

(आधुनिक समाचार सेवा)

**इंफाल/मणिपुर।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) पेश करने के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए केंद्र से मंजूरी की जरूरत है मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को मणिपुर के इंफाल में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान सवालों के जवाब में कहा कि एनआरसी को अकेले राज्य सरकार द्वारा पेश नहीं किया जा सकता है, इसके लिए केंद्र की मंजूरी की आवश्यकता है। मणिपुर राज्य जनसंख्या आयोग के बारे में बात करते हुए सीएम सिंह ने कहा कि राज्य सरकार ने पहले ही मणिपुर राज्य जनसंख्या आयोग का गठन कर दिया है और यह राज्य में अप्रवासियों की पहचान करेगा।



## एयरवेज की फ्लाइट ईवाई237 की हुई इमरजेंसी लैंडिंग, बेंगलुरु से अबू धाबी जा रहा था विमान




(आधुनिक समाचार सेवा)

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु से अबू धाबी के लिए रवाना हुई एतिहाद एयरवेज की फ्लाइट ईवाई 237 में अचानक तकनीकी खराबी आई गई। यह घटना 2 अप्रैल की है। तकनीकी गड़बड़ी का पता चलने के बाद फ्लाइट की टेक ऑफ के तुरंत बाद बैंगलोर एयरपोर्ट पर वापस इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। हालांकि, तकनीकी निरीक्षण के बाद फ्लाइट ने दोबारा अबू धाबी के उड़ान भरी। बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सूत्रों ने पुष्टि की कि एतिहाद एयरवेज की फ्लाइट ईवाई 237 बेंगलुरु से अबू धाबी के लिए रविवार रात 9.07 बजे उड़ान भरी। टेक-ऑफ के कुछ मिनट बाद फ्लाइट के कैप्टन ने फ्लाइट के अंदर केबिन प्रेशर में गिरावट का पता चला। कैप्टन ने तुरंत ही यह सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल को दी। तकनीकी खराबी की वजह से फ्लाइट को अबू धाबी के लिए उड़ान भरने में चार घंटा के देरी हो गई।

## बिहार, बंगाल के बाद झारखंड में भी रामनवमी जुलूस के दौरान भड़की हिंसा जमकर हुई पत्थरबाजी; कई घायल

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** रामनवमी पर हुई हिंसा की आग बंगाल और बिहार के बाद अब झारखंड तक पहुंच गई है। जमकर पथराव और फायरिंग हुई। दुकानों और वाहनों में आग लगा दी गई। तीनों ही शहर में तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। बिहार में बिहारशरीफ और सासाराम में जमकर पथराव और फायरिंग हुई। इसमें सात लोगों के घायल होने की खबर है। वहीं, सासाराम में निकाली गई शोभायात्रा के दूसरे दिन भी जमकर हिंसा हुई। लोगों ने दुकानों और वाहनों में आग लगा दी। बिहार के अलावा बंगाल में भी हिंसा की कई तस्वीरें देखने को मिली। हावड़ा के शिवपुर थाने के कांजीपाड़ा इलाके में 31 मार्च की दोपहर जुमे की नमाज के बाद हिंसा भड़क उठी। मुस्लिम बहुल इलाके में रामनवमी के दिन भी हिंसा हुई थी। मुस्लिम समुदाय के सैकड़ों लोगों की भीड़ ने आसपास के रिहायशी इलाकों में घुसकर घरों और दुकानों पर पथराव किया। इसकी कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है। हालात पर काबू पाने के लिए रैपिड एक्सशन फोर्स को बुलाना पड़ा। इस बीच पुलिस ने भी लाठीचार्ज किया और इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई। बंगाल में 30 मार्च को हुई हिंसा मामले में पुलिस ने अब तक 36 लोगों को गिरफ्तार किया है। रामनवमी जुलूस पर हुई हिंसा की आग झारखंड में भी देखने को मिली। पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका प्रखंड स्थित हल्दीपोखर में मुस्लिम युवकों ने पथराव करना शुरू कर दिया। करीब 5 लोग घायल हुए है। पुलिस ने बताया कि अभी स्थिति शांतिपूर्ण है। पूर्वी सिंहभूम, उपायुक्त ने मामले की जानकारी देते हुए कहा, हल्दीपोखर और जिले के अन्य हिस्सों में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में और शांतिपूर्ण है। पर्याप्त फोर्स तैनात कर दी गई है। फिलहाल धारा 144 लगाने की जरूरत नहीं है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है। हिंसा में विजय बजरंग के महावीर झंडे को भी नुकसान पहुंचा।



# महिलाएं समाज के पथ प्रदर्शक की भूमिका निभा रहीं:नन्दी

## वन्दना चाइल्ड ट्रस्ट के तेजस्विनी सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं को सम्मानित किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' के द्वारा सम्मानित किया गया। वह वंदना चाइल्ड केयर ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर आयोजित तेजस्विनी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए मंत्री नन्दी ने कहा कि महिलाओं का सम्मान समाज में संचालित अनेक क्षेत्रों में उनकी प्रतिभा के आधार पर कियॉ जाना एक सराहनीय कदम है। इस कार्य से घर की चहारदीवारी तक सीमित महिलाएं प्रेरित होकर समाज के उन्नयन के लिए आगे आये। उन्होंने इस अवसर 12 महिलाओं को तेजस्विनी सम्मान से अलंकृत किया। वंदना चाइल्ड केयर ट्रस्ट की अध्यक्ष वन्दना पांडेय ने कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके कियॉ गया। वंदना पांडेय ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री नंदी ने डॉ कृतिका अग्रवाल,डॉ मंजू सिंह मंगला मिश्रा डॉ ईशान्यां , ह्यूमन राइट्स से श्वेता साहू , डॉ रश्मि , वरिष्ठ समाजसेवी नीलम प्रसाद ,राज अर्श अली डॉ विवेक मिश्रा सहित दर्जन भर लोगो को तेजस्विनी सम्मान दिया।












# मा0 राज्य मंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) ने स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान का दीप प्रज्जवलन कर किया शुभारंभ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** मा0 मंत्री जी ने कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को पुस्तकें एवं निपुण बच्चों को प्रमाण पत्र का किया वितरण कायाकल्प योजना के माध्यम से बच्चों को स्कूलों में मिल रहा है शिक्षा का बेहतर वातारण-मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान का



शुभारंभ मुख्य अतिथि मा0 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उत्तर प्रदेश सरकार डॉ दयाशंकर मिश्र दयालु जी एवं एवं विशिष्ट अतिथि डॉ वाचस्पति मा0 विधायक बारा, श्री पीयूष रंजन निषाद मा0 विधायक करछना तथा जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बीएसए एवं खंड शिक्षा अधिकारी चाका के द्वारा किया गया। माननीय मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मा0 मंत्री श्री दयाशंकर मिश्र "दयालू" ने अपने सम्बोधन में कहा कि किसी भी कार्य की शुरूआत करने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति की आवश्यता होती है। स्कूलो के कायाकल्प के लिए ही मा0 मुख्यमंत्री जी ने दृढ इच्छाशक्ति के साथ कायाकल्प योजना का शुभारम्भ किया। बच्चों को एक अच्छा वातारण तथा मिड-डे मिल के खानें में गुणवत्तापूर्ण खाने, ड्रेस, बैग, जूता सहित सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करायी है। इसके लिए मुख्यमंत्री जी बधायी के पात्र है। परिवर्तन के लिए सरकार के साथ-साथ अध्यापकों की भी भूमिका अग्रणी है। इसमें सबका सहयोग आवश्यक है। मा0 मुख्यमंत्री जी ने जो संकल्प लिया है, उसको आप लोगो ने मूर्तरूप दिया है। शिक्षा सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है और इसके लिए स्कूलों में बेहतर माहौल रहे, इसके लिए सभी जरूरी आवश्यकताओं को पूरा किया जा रहा है। अब बच्चों की पढ़ाई में कोई समस्या नहीं है। उन्होंने कहा कि बच्चा स्वस्थ्य रहेगा तभी तो पढेगा। मैं भी एक शिक्षक रहा हूं। मैं भी बच्चों के साथ-साथ खाना खाया हूं, उससें बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता हैं। मा0 विधायक बारा डॉ0 वाचस्पति ने अपने सम्बोधन में कहां कि स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग अभियान के तत्वाधान में बहुत ही प्रसन्ता की बात है कि आज से स्कूल खुल रहे है और पहले दि नही बच्चों को किताबे मिल गयी है। उन्होंने अध्यापकों से कहा कि बच्चों का उज्जवल भविष्य अब आपके हाथों में है और मुझे पूरा विश्वास है कि आप लोग बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए सभी प्रसास करेंगे। मा0 विधायक करछना श्री पीयूष रंजन निषाद ने अपने सम्बोधन में कहा कि बच्चों की पढ़ाई के लिए जो भी सहयोग शिक्षा विभाग द्वारा हमसें अपेक्षित होगा, उसके लिए मैं हमेशा तैयार रहूंगा। बीईओ चाका एवं बीएसए द्वारा अतिथियों को बुके, बैच, अलंकरण एवं कैप पहना कर स्वागत किया गया। इसके बाद बालिकाओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। माननीय आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु जी द्वारा बच्चों को कक्षा 1 से 8 तक की पुस्तकें वितरित किया गया एवं निपुण बच्चों को माननीय मंत्री जी द्वारा प्रमाण पत्र देकर वितरित किया गया। तत्पश्चात अतिथियों को मोमेंटो देकर स्वागत किया गया, फिर अतिथियों द्वारा बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा बनाए गए टीएलएम मेले का अवलोकन किया गया और माननीय मंत्री जी द्वारा बच्चों व शिक्षकों द्वारा बनाए गए ज.स.उ. की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। इसके बाद मंत्री जी द्वारा स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीसी एमडीएम श्री राजीव त्रिपाठी एवं एसआरजी सुनील तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम बीईओ चाका श्री कैलाश सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में चाका ब्लाक के सभी एआरपी अमर कुमार, संजय जायसवाल, राजेंद्र प्रसाद, शत्रुघन सिंह, राजेंद्र पांडे, आस्था पांडे, फतमा शाहीन, प्रेम सिंह, संदीप कुमार गुप्ता, प्रदीप चैरसिया, मनोज कुमार, आंतरिछ शुक्ला, कमर सुल्ताना, राजेश श्रीवा., अतुल तिवारी, विमलेश तिवारी, मान सिंह, विवेक मिश्र आदि शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

# जन-शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बार/प्रयागराज।** समाधान दिवस में कुल 145 शिकायतें प्राप्त हुई, 22 शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को बारा तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने लोगों की शिकायतों को सुनते हुए राजस्व, पुलिस एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्धता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये हैं साथ ही साथ उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता को संतुष्ट भी होना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रार्थना पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्रवाई एवं समस्याओं के निस्तारण के लिए निर्देशित किया साथ ही अधिकारियों को चेतावनी दी कि निस्तारण में विलम्ब पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर प्रार्थी छेदीलाल कुशवाह पुत्र श्रीनाथ कुशवाहा निवासी ग्राम टिकरी कला(डाडी) तहसील बारा ने रिगवा मोड़ हाइवे से लालापुर मार्ग के बीच ग्राम रिगवा पुलिया से अंदर होते हुए ग्राम टिकरी कला(डाडी), जो बाहाला प्रखण्ड नहर की पटरी है, को पक्का बनाये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है, जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने बीडीओ जसरा को उक्त प्रार्थनापत्र पर नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आख्या उपलब्ध कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। इसी प्रकार राजाराम पुत्र कन्हैयालाल निवासी ग्राम पटिवार तहसील बारा ने अपनी भूमि पर कुछ लोगो के द्वारा अवैध रूप से मकान के निर्माण किए जाने की शिकायत की, जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने उपजिलाधिकारी बारा एवं थानाध्यक्ष शंकरगढ़ को प्रकरण की जांच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने तथा मौके पर शांति व्यवस्था सुनिश्चित बनाये रखने के निर्देश दिए है। प्रार्थी इन्द्रपाल पुत्र बन्धू निवासी सेहुडा, ब्लाक जसरा तहसील बारा ने वृद्धा वस्था पेंशन न मिलने की शिकायत की, जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं बीडीओ जसरा को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए कहा है। प्रार्थी घनश्यामदास पुत्र अमृतलाल निवासी गोइसरा थाना लालापुर ने अपनी जमीन पर कराये जा रहे निर्माण कार्य को कुछ लोगो के द्वारा न करने देने की शिकायत की, जिसपर मुख्य विकास अधिकारी ने उपजिलाधिकारी बारा को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चत करने तथा आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिए है। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर कुल 145 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 22 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु मुख्य विकास अधिकारी ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आज ही अपने विभागों से सम्बंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों को प्राप्त करते हुए निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिये है। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, उपजिलाधिकारी बारा सहित सभी सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# जन शिकायतों का निस्तारण अरे निष्पक्ष एवं समय पर करें- जिलाधिकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।**जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 94 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से 06 शिकायतें इस प्रकृति की पायी गयी जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 94 शिकायतों में से 30 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 27, विकास विभाग से 04, विद्युत विभाग से 03, चकबन्दी विभाग से 01एवं 29 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुये शिकायतकर्ता को पूर्णरूप से संतुष्ट किया जाय। उन्होंने कहा कि समस्याओं का निराकरण गुणवत्तापूर्ण किया जाये ताकि फरियादियों को बार-बार ब्लाक, तहसील व जनपद मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद/अतिक्रमण की शिकायतों पर राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल तथा पुलिस कर्मियों की संयुक्त टीम मौके पर जाकर भेजकर स्थलीय निरीक्षण करते हुये निष्पक्ष ढंग से निस्तारण करायें। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही को बहुत ही गम्भीरता के साथ लिया जायेगा।इसलिये सभी अधिकारीगण शासन की मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ करें। पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल द्वारा सुनी गयी। उन्होने पुलिस अधिकारियों/थानाध्यक्षकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये, यह सुनिश्चित किया जाये कि प्रत्येक दशा में पीड़ित को न्याय मिले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0 एम0 शुक्ला, उपजिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का तुलसीसदन में किया गया शुभारम्भ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ तुलसीसदन (हादीहाल) में किया गया।विधायक सदर राजेन्द्र कुमार



मौर्य एवं जिलाधिकारी ने डा0 नितिन बंसल ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम की रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम का मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लोकभवन लखनऊ से हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया जिसका सजीव प्रसारण तुलसीसदन (हादीहाल) में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार, जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, प्राचार्य/उप शिक्षा निदेशक अशोक कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 ओपी राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी राजेश कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी सहित अधिकारीगण, बच्चों एवं जनसामान्य द्वारा देखा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के सम्बन्ध में जागरूक करते हुये कहा कि घरों के आस-पास साफ सफाई रखें तथा जल जमाव न होने दें, व्यक्तिगत साफ-सफाई तथा कुपोषित बच्चों के प्रति विशेष ध्यान रखें, मच्छरों से बचने के लिये पूरी बॉह वाली कमीज और पैन्ट पहने, स्वच्छ पेयजल पीयें।बुखार होने पर बच्चों को बिना किसी देरी के उपचार के लिये सरकारी अस्पताल लायें, कोई भी बुखार दिमागी बुखार हो सकता है।इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके कर्मो से होती है इसलिये शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी देना जरूरी है।उ0प्र0 सरकार बच्चों का भविष्य संभालने का कार्य कर रही है। प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों का नामांकन करायें तथा उन्हें स्कूल भेजे,एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे, सभी को शिक्षा मिले। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत विधायक सदर ने कहा कि हम सबको सफाई पर विशेष ध्यान देकर इसे सफल बनाना है। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि पिछले सत्र में नामांकन का लक्ष्य 52284 दिया गया था जिसके सापेक्ष 93068 बच्चों का नामांकन हुआ जो लक्ष्य से 40820 अधिक था। जनपद में कुल 15 आवासीय कस्तूरबा गांधी विद्यालय संचालित है जिसमें कुल नामांकित 1700 छात्राओं को सभी प्रकार के निःशुल्क सामग्री देते हुये शिक्षा प्रदान की जा रही है। डीबीटी के माध्यम से बच्चों के अभिभावकों के के खाते में 1200 रूपये भेजा जा रहा है। कायाकल्प के माध्यम से 19 पैरामीटर में तीव्र गति से कार्य चल रहा है।विद्यालयों में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें बच्चों में वितरित की जा रही है। इस अवसर पर कम्पोजिट स्कूल सुखपाल नगर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली वर्तिका, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले मोहम्मद शैफ, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शाहिद और कक्षा 8 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले अनुराग प्रजापति, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले शालू पटेल और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बुसरा प्रवीण को शील्ड एवं उपहकार देकर सम्मानित किया गया।

# अधिवक्ताओं एवं किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से फसल बर्बादी का माँगा मुआवजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** तहसील समाधान दिवस रानीगंज में किसानों की समस्याओं को लेकर अधिवक्ता अनिल पांडेय ने किसानों को साथ लेकर तहसील समाधान दिवस में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी रानीगंज को सौंपा।इसमें ओलावृष्टि व असमय बारिश से नष्ट हुई फसल का मुआवजा दिलाने की माँग की गई है।अधिवक्ता अनिल पांडेय ने ज्ञापन के माध्यम से माँग रखी कि रानीगंज तहसील क्षेत्र में पिछले 10 दिनों से रुक रुककर बारिश हो रही है जिससे किसानों की गेंहू,आलू,मटर,चना की खेती पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है।किसान अपनी फसल के मुआवजे के लिए तहसील और बैंक का चक्कर लगा रहे हैं प्रशासन किसानों की समस्या की कोई सुध नहीं ले रहा है । कुछ किसानों ने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत कर मुआवजे की माँग की थी लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा किसी भी तरह का नुकसान न होने की रिपोर्ट लगाकर किसानों को गुमराह किया जा रहा है जिससे किसान हैरान परेशान हैं और किसानों में आक्रोश व्याप्त है।अधिवक्ता ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से आग्रह किया कि किसानों के नुकसान का सर्वे उच्च अधिकारियों की टीम के साथ कराकर औसतन नुकसान के आधार पर मुआवजा दिलाया जाय। ज्ञापन के समय तहसील बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी,विवेक तिवारी,सूरज त्रिपाठी,सौरभ त्रिपाठी,ऊधम सिंह,पंकज पांडेय,प्रमोद तिवारी अधिवक्तागण तथा सी0बी0सिंह मो0 फारूक, शिवपत्ती, ज्ञानेश,राजदेव, सूर्यप्रकाश,संतोष कुमार, आकाश दुबे,प्रदुम्म सिंह, राजकुमार सहित भारी संख्या में अधिवक्ता व किसान मौजूद रहे।



# योगी के स्कूल चलो एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुभारंभ का लाइव प्रसारण देखे स्कूली छात्र

## नए सत्र के आगाज पर किया बच्चों का स्वागत-सम्मान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बलिया।** मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी द्वारा स्कूल चलो अभियान एवं संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखते प्राथमिक विद्यालय बघेजी के बच्चें व अभिभावको ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अन्नू सिंह ने इसके लिए कई दिनो से जागरूकता अभियान भी चलाया था। जिससे सरकार के शिक्षा की इस पहल को शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूरा किया जा सके। जिले के प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज पर नए सत्र के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम अंजली तोमर स0 अ0 द्वारा विद्यालय के मुख्य द्वार पर रंगोली बनाई गई जिसमें स्कूल चले हम स्लोगन का भी अंकन किया गया साथ ही विद्यालय के मुख्य द्वार को गुब्बारों से सजाया गया इससे बाद सभी बच्चों का रोरी चंदन से तिलक लगाया गया। बलिया सहित समूचे पूर्वांचल की शासकीय प्राथमिक विद्यालय की गरिमा बढ़ाने के लिए तत्पर गोल्ड मेडलिस्ट महिला शिक्षक अंजली तोमर के चाचाश्री नरेश कुमार को भी आज शनिवार को बागपत के जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। इस दौरान अंजली तोमर एक-एक बच्चों के पुष्प वर्षा करते हुए विद्यालय में प्रवेश कराया साथ में संध्या पाण्डेय ,अवधेश कुमार भी बच्चों का स्वागत किये। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार यादव ने सभी बच्चों को पेंसिल,कटर,रबर प्रदान किये साथ सभी बच्चों से अपील भी किये आप नियमित विद्यालय आये क्योंकि निरंतरता बहुत ही आवश्यक है। सभी शिक्षकों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना किये कार्यक्रम का संचालन जनपद की नावचारी शिक्षिका अंजली तोमर ने किया।




# शहर के सबसे बड़ी मार्केट नेहरू कॉम्प्लेक्स में लगी भीषण आग, 25 दुकानें जलकर हुई खाक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** रेडीमेड कपड़ा मार्केट में लगी भीषण आग अभीतक पूरी तरह शांत भी नहीं हुई है कि शहर की संजय मार्केट में शनिवार की सुबह 6 बजे करीब आग लग गई जिससे करीब 25 दुकानें आग की चपेट में आ गईं। धीरे-धीरे आग ने आसपास की अन्य दुकानों को भी चपेट में ले लिया है। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही हैं। चौक स्थित नेहरू कांप्लेक्स में शनिवार सुबह आग लग गई। देखते-देखते आग ने 25 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया है। इससे व्यापारियों समेत आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंचे फायर कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश में लगे हैं। चौक नेहरु कांप्लेक्स में दर्जनों दुकानें खुली हैं। शनिवार सुबह आसपास के लोगों ने एक दुकान से धुआं उठता देखा। अभी वह कुछ समझ पाते इससे पहले आग की लपटें उठने लगी। कुछ ही देर में कोतवाली पुलिस के साथ ही फायर कर्मी मौके पर पहुंचे। लेकिन तब तक आग ने बड़ा रूप धारण कर लिया था। फायर कर्मी आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। अब तक आग से करोड़ों रूपये से अधिक की क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। पूरे इलाके में धुआं फैल रहा है। कांप्लेक्स में कपड़े और प्लास्टिक के सामान की दुकानें है। शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की बात सामने आ रही है। आस-पास की दुकानें भी बंद कराई जा रही हैं। दरअसल, जहां पर आग लगी है वह शहर का सबसे घना इलाका है। पुराने शहर में घंटाघर के ठीक पीछे आग लगी है। इस इलाके में 10 हजार से ज्यादा दुकानें हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह 8 बजे ट्रांसफॉर्मर से चिंगारी निकलते देखा था। दुकानदार राजा ने बताया कि 3 तीन साल पहले नेहरू कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लगी थी। जिसमें 200 दुकानें जली थी। अभी तक दुकानदार उसकी भरपाई कर ही रहे थे। आज दोबारा आग ने फिर तबाह कर दिया।



# माननीय विधान परिषद सदस्य डा0 के0पी0 श्रीवास्तव ने संचारी रोग नियन्त्रण अभियान का फीता काटकर किया उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** माननीय विधान परिषद सदस्य ने जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना संचारी रोग नियन्त्रण अभियान (प्रथम चरण-माह अप्रैल 2023) का उद्घाटन शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से माननीय डा0 के0पी0 श्रीवास्तव विधान परिषद सदस्य द्वारा रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह अभियान दिनांक 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक विभिन्न विभागों के समन्वय से संचालित किया जाता है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को इस अभियान का नोडल बनाया गया है। इस अभियान में नगर निगम, पंचायती राज, पशुपालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा विभाग, दिव्यांग जन कल्याण विभाग, उद्यान विभाग, कृषि एवं सिंचाई विभाग एवं सूचना विभाग को मिलकर शासन ने सकुशल सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी है। उक्त सभी विभागों द्वारा जन-जागरूकता, साफ-सफाई, कचरा-निस्तारण, जल भराव रोकने, फागिंग आदि कार्यो को सम्पादित किया जाना है। माननीय डा0 के0पी0 श्रीवास्तव जी ने इस अभियान का फीता काट कर शुभारंभ किया एवं सुचारू रूप से संचालित करने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री विनोद कुमार जी ने किया। जिला मलेरिया अधिकारी ने संचारी रोगों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नोडल होने के नातें स्वास्थ्य विभाग की विशेष भूमिका के विषय में चर्चा की एवं दस्तक अभियान में आशा एवं ऑगनबाड़ियों द्वारा घर-घर जाकर स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी के विषय में वक्तब्य दिया तथा संचारी रोग नियन्त्रण कार्यक्रम के संचालन में नगर निगम, पंचायती राज विभाग, आई0सी0डी0एस0 एवं अन्य विभागों के सराहनीय योगदान हेतु प्रशंसा की। अपर नगर आयुक्त महोदय ने संचारी रोग नियन्त्रण हेतु कार्य करने के विषय में चर्चा की एवं समस्त सम्बन्धित विभागों को आपस में समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की। मुख्य अतिथि डा0 के0पी0 श्रीवास्तव ने बताया कि संचारी रोगों के प्रति हम सब की जिम्मेदारी बढ़ जाती है। जनपद की घनी आबादी वाले क्षेत्रों, खराब सड़कों, बेसमेन्ट एवं नालियों में जल जमाव से मच्छरों में प्रजनन होता है जिससे मलेरिया डेंगू एवं अन्य संचारी रोगों का प्रकोप बढ़ता है, इसलिए विशेषकर शहरी क्षेत्रों में संचारी रोगों पर नियन्त्रण हेतु व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। जिला मलेरिया अधिकारी श्री आनन्द कुमार सिंह ने फाइलेरिया रोग के विषय में चर्चा करते हुए माननीय मुख्य अतिथि द्वारा मरीजों को एम0एम0डी0पी0 किट का वितरण कराया एवं महोदय द्वारा ही संचारी रोग अभियान से सम्बन्धित शपथ ग्रहण कराया गया। अन्त में मुख्य चिकित्सा अधिकारी महोदय ने धन्यवाद ज्ञापन दिया एवं माननीय मुख्य अतिथि जी ने नव निर्मित मुख्य चिकित्सा अधिकारी सभागार का उद्घाटन किया एवं संचारी रोग नियन्त्रण अभियान से सम्बन्धित रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आशु पाण्डेय, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सत्येन राय, डा0 तीरथ लाल, डा0 ए0के0 तिवारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राघवेन्द्र सिंह, डा0 आर0के0 श्रीवास्तव, एपिडेमियोलॉजिस्ट डा0 अन्शू वैश्य, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक श्री विनोद कुमार, अपर नगर आयुक्त श्री अरविन्द राय, पर्यावरण अभियन्ता श्री उत्तम कुमार वर्मा, समस्त जोनल अधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक श्री जितेन्द्र गॉधी, समस्त वार्ड सफाई निरीक्षक, डब्ल्यू0एच0ओ0 से एस0एम0ओ0 डा0 आलोक कुमार, यूनिसेफ से डी0एम0सी श्री अमर सिंह, मलेरिया एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# मंडलायुक्त ने विकास प्राधिकरण कार्यालय में प्राधिकरण द्वारा चिन्हित अवैध कॉलोनी एवं अवैध निर्माण के संबंध में समीक्षा बैठक की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**लखनऊ।** अवैध निर्माण तथा अनुमोदित लेआउट के अनुसार निर्माण नहीं कराए जाने के विरुद्ध प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा की जाने वाली दंडात्मक कार्यवाही संतोषजनक ना पाए जाने पर खासी नाराजगी व्यक्त की तथा उसे और बेहतर करने के निर्देश दिए। अवैध प्लाटिंग को रोकने तथा अवैध प्लॉटिंग कराने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कराने के दृष्टिगत प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों को सभी महत्वपूर्ण दफ्तरों तथा स्थानों, जहां भी अवैध प्लाटिंग होने की संभावना अथवा होने की शिकायत है, पर जनसाधारण को भू माफियाओं से सावधान कराने हेतु बैनर एवं पोस्टर लगवाने तथा इन बैनरों एवं पोस्टरों मे माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने के पूर्व में दिए निर्देशों का अनुपालन ना होने पर भी खासी नाराजगी व्यक्त की सचिव, विकास प्राधिकरण को 1 दिन के भीतर जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित अधिकारी को एडवर्स एंट्री देने के निर्देश दिए तथा उसकी प्रतिलिपि उनके समक्ष प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने एयरपोर्ट, रजिस्ट्री ऑफिस पर बिना प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित मानचित्र के जमीन ना खरीदने जैसी अपील करने से संबंधित पोस्टर एवं बैनर लगाने के निर्देश दिए। अवैध निर्माण के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही का पिक्चर समेत विवरण भी डालने तथा इसके प्रचार-प्रसार में मीडिया का सहयोग लेने को कहा ।समाधान दिवस की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी संबंधित अभियंताओं से अपने अपने जोन में मानचित्र एवं लेआउट के अनुसार जिन भी निर्माणों में सेट बैक नहीं छोड़ा जा रहा है उसके विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही तीव्रता से करने को भी कहा।फाइलों के बेहतर रखरखाव एवं उन्हें और सिस्टमैटिक कराने के दृष्टिगत एक डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम संबंधित सॉफ्टवेयर विकसित करने के निर्देशे। ऑनलाइन प्रकरणों की रेंडम चेकिंग की रेंडम बेसिस पर एक प्रकरण को निकालते हुए उससे संबंधित आर्किटेक्ट को फोन लगाकर बात भी किया लैंड यूज के संबंध में आवेदक को किसी भी तरह का कन्फ्यूजन ना हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश। मंडलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत ने आज बतौर अध्यक्ष प्रयागराज विकास प्राधिकरण कार्यालय स्थित सभागार में सभी वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्राधिकरण द्वारा चिन्हित अवैध कॉलोनी एवं अवैध निर्माण के संबंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने अवैध निर्माण तथा अनुमोदित लेआउट के अनुसार निर्माण नहीं कराए जाने के विरुद्ध प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा की जाने वाली दंडात्मक कार्यवाही संतोषजनक ना पाए जाने पर खासी नाराजगी व्यक्त की तथा उसे और बेहतर करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी दंडात्मक कार्यवाही की अनिवार्य रूप से फोटोग्राफ के साथ आख्या बनाकर फाइल मेंटेन करने को भी कहा। उन्होंने अवैध प्लाटिंग को रोकने तथा अवैध प्लॉटिंग कराने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कराने के दृष्टिगत प्राधिकरण के संबंधित अधिकारियों को सभी महत्वपूर्ण दफ्तरों तथा स्थानों, जहां भी अवैध प्लाटिंग होने की संभावना अथवा होने की शिकायत है, पर जनसाधारण को भू माफियाओं से सावधान कराने हेतु बैनर एवं पोस्टर लगवाने तथा इन बैनरों एवं पोस्टरों मे माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने के पूर्व में दिए निर्देशों का अनुपालन ना होने पर भी खासी नाराजगी व्यक्त की तथा सचिव, विकास प्राधिकरण को 1 दिन के भीतर जिम्मेदारी तय करते हुए संबंधित अधिकारी को एडवर्स एंट्री देने के निर्देश दिए तथा उसकी प्रतिलिपि उनके समक्ष प्रस्तुत करने को कहा। मंडलायुक्त ने एयरपोर्ट, रजिस्ट्री ऑफिस तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर ग्राहकों की सहायता हेतु बिना प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित मानचित्र के जमीन ना खरीदने जैसी अपील से संबंधित पोस्टर एवं बैनर लगाने के भी निर्देश दिए हैं। इन बैनरों एवं पोस्टरों में जहां-जहां प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध जो भी कार्यवाही की जा रही है उसका पिक्चर समेत विवरण डालने तथा इसके प्रचार-प्रसार में मीडिया का सहयोग लेने को भी कहा है। इसी क्रम में समाधान दिवस की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी संबंधित अभियंताओं से अपने अपने जोन में मानचित्र एवं लेआउट के अनुसार जिन भी निर्माणों में सेट बैक नहीं छोड़ा जा रहा है उसके विरुद्ध प्रवर्तन की कार्यवाही तीव्रता से करने को भी कहा। उन्होंने जोन 2 के जोनल ऑफिसर के कार्यालय का औचक निरीक्षण करते हुए जोन 2 के रजिस्टर एवं फाइलों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कई फाइलों पर विभिन्न विभागों से एनओसी लंबित पाए जाने पर उन्हें संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए तहसील दिवस के अवसर पर अथवा जूम ऐप के माध्यम से सभी संबंधित अधिकारियों को जोड़ते हुए सकारात्मक कदम उठाने के निर्देश उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण को दिया। मंडलायुक्त ने फाइलों के बेहतर रखरखाव एवं उन्हें और सिस्टमैटिक कराने के दृष्टिगत एक डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम संबंधित सॉफ्टवेयर विकसित करने के निर्देश भी सचिव प्राधिकरण को दिए हैं जिससे कि भविष्य में प्रकरणों को ढूंढने एवं उनके निस्तारण में आसानी हो सके। उन्होंने प्राधिकरण स्थित मानचित्र एवं ऑनलाइन आवेदन के निष्पादन हेतु बनाए गए कंप्यूटर अनुभाग का भी निरीक्षण करते हुए मार्च माह के ऑनलाइन प्रकरणों की भी रेंडम चेकिंग की तथा आवासीय एवं व्यावसायिक निर्माण हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच करते हुए मानचित्र में नियमानुसार कितना सेट बैक छोड़ा जाना चाहिए के सापेक्ष कितना छोड़ा जा रहा है की समीक्षा की एवं लैंड यूज से संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रैंडम बेसिस पर एक प्रकरण को निकालते हुए उससे संबंधित आर्किटेक्ट को फोन लगाकर बात भी किया तथा लैंड यूज के आवेदन के संबंध में उनसे पूछ ताछ की। उन्होंने लैंड यूज के संबंध में आवेदक को किसी भी तरह का कन्फ्यूजन ना हो यह सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए ।



सीधे प्रवेश

100% Placement

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र

15% Fee Concession

(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



| | |
|---|---|
| ➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) | फिटर |
| ➢ डेटा इंट्री आपरेटर | वेल्डर |
| ➢ फायर सेफ्टी | सीसीए |
| ➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग | रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी. |
| ➢ इलेक्ट्रीशियन | सिक्योरिटी सर्विस |
| ➢ सीएनसी प्रोग्रामिगं | बेसिक कम्प्युटर |
| ➢ इलेक्ट्रिक मैकैनिक | कम्प्युटर हाडवेयर |



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
➪ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# जल्द ही तैयार होगा पत्रकार एसोसिएशन भवन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** बारा तहसील अंतर्गत अधिवक्ता सभागार में पत्रकार की एक बैठक संपन्न हुई जिस के मुख्य अतिथि बारा विधायक डॉक्टर वाचस्पति रहे इस बैठक में पत्रकारों के हित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई पत्रकार एसोसिएशन की मांग थी कि पत्रकारों के लिए तहसील मुख्यालय के अगल-बगल कहीं कार्यालय होना अति आवश्यक है जिस के संबंध में पत्रकारों ने बारा विधायक डॉक्टर वाचस्पति से बातचीत की विधायक जी ने पत्रकारों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द पत्रकार एसोसिएशन भवन बारा में तैयार हो जाएगा इसी के संबंध में तहसील परिसर में जाकर एसडीएम महोदय से बातचीत की गई जिससे जल्द से जल्द कार्य चालू हो सके एसडीएम बार ने भी आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द कानूनी प्रक्रिया पूरी करके भवन निर्माण कराया जाएगा इस बैठक के संचालक सुमंत भार्गव जी ने की बैठक में उपस्थित प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्यों ने अपने अपने विचार रखें इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष पीसी पांडे प्रांतीय संरक्षक कमलाकर सिंह जिलाध्यक्ष सुभाष शुक्ला नईम अहमद राकेश कुमार कुशवाहा राकेश मिश्रा नीरज केसरवानी रविंद्र तिवारी माजिद अली आशुतोष त्रिपाठी सनी यादव मनोज कुमार बिंद भानु मिश्रा शिवाकांत बिंद अनिल कुमार बिंद महेश त्रिपाठी काफी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।



# डॉक्टर दुबे भव्य विदाई समारोह में जनता की आंखों में छलका दर्द

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** रेनू सागर हॉस्पिटल में डॉक्टर अभय दुबे का भव्य विदाई समारोह किया गया। अनपरा परिक्षेत्र एवं आसपास के सभी लोगों में डॉक्टर साहब के जाने का दर्द साफ दिखाई दिया। डॉक्टर दुबे ने रेनू सागर हॉस्पिटल में 698 दिन कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने कहा कि मुझे कभी महसूस ही नहीं हुआ कि मैं घर से बाहर काम कर रहा हूं। वे सभी को बेटा भाई मां बहन दादा एवं दादी कह कर बुलाते थे। डॉक्टर साहब के आंखों में नमी साफ दिखाई दिया। इस अवसर पर प्रमोद शुक्ला, अभय मिश्रा, अभय दुबे, दीनदयाल त्रिपाठी, अनिल सिंह, प्रदीप सिंह, राघवेंद्र सिंह ,प्रथम श्रीवास्तव, गोपाल यादव ,भागवत यादव, अजीत मिश्रा, सुमित सोनी, अरुण सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

# कार्यालय ग्राम पंचायत----वि0खं0----जनपद सोनभद्र

## अल्पकालीन निविदा सूचना

वित्तोय वर्ष 2023-2024 मे राज्य वित्त आयोग/तेरहवां वित्त आयोग/चौदहवां वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन/ मनेरगा अन्य प्रप्त निधियों द्वारा ग्राम पंचायत में कराये जाने वालो कार्यो हेतु वाणिज्यकर/आयकर मे पंजीकृत फार्मो मे ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणनुसार कार्यस्थल पर समाग्री आपति कराये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित को जानी है। इच्छुक आपूतिकर्ता अपने फर्म के लेटर पैड पर दिनांक 04.04.2023 में दिनांक 11.04.2023 पुर्वहन 10:00 बजे से 02:00 बजे तक ग्राम पधान।सचिव कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है।जिसे दिनांक 15.04.2023- 02:00 बजे सीमित (टेण्डरदाताओं) जो उपस्थित रहना चाहते है के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र. सं. | विवरण | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट शौचालय/ईट प्रथम श्रेणी 150 नाली व खाडन्जा/ईट वा गिटटी **20 mm.40mm.** | प्रति हजार धन मीटर | |
| 2 | इण्टर लाकिंग ईट प्रथम श्रेणी **200x160x60mm** सीमेन्टेड इण्टर रवर मोल्ड, लाकिंग ईट आदि | प्रति हजार | |
| 3 | बालू मोरग, सीमेंट, डाला गिटट्ी, स्टील ब्लास्ट, भम्भी **22.4 mm.** (अलग–अलग) एव वोल्डर आदि | प्रति घन मीटर वेग | |
| 4 | सरिया/एसवेस्टन सीट/गैलेनाइट पाइप/सीट/शौचालय/ढ़क्कन/कमोड/टीन सीट/ दरवाजे / खिड़की/टाउल्स/प्लासिटक/पेन्ट सीट पेंट/डिस्टेम्पर/प्राइमर,डीपीसी,पाउडर आदि। | कुंतल/अदद | |
| 5 | होम पाइप एम,एन,एम,पी,वी/होम पाईप 600/900 एम.एम 350/एम.एम पी–3 आदि | नग अदद | |
| 6 | स्ट्रीट लाइट/सोलर लाइट, बल्ब, तार, सीएफएल, बल्क आदि । | प्रति नग | |
| 7 | इण्डिया माकां–2 हैण्डपम्प संबंधित सामग्री आदि एवं पानी की टंकी पानी टैंकर समरसेबुल पाइप आदि। | अदद | |
| 8 | शवदाह गृह हेतु एंगील एलवेस्ट आदि। | प्रति कुंतल | |
| 9 | पेवर्स ब्लास ईट आदि। | प्रति नग | |

प्रतिबन्धित शर्ते 1. निविदा मे दरे सभी कर सहित एवं लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दर से अधिक नही होनी चाहिए। 2. कार्य विवरण एवं सामाग्री सम्बन्धित जानकारी किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जासकती है सामग्री की आपूर्ति कार्य स्वीकृत होने के उपरान्त की जाएगी। 3. जमानत राशि परियोजना तहत का 5 प्रतिशत जमा होगी जिसे कार्य पूर्ण होने पर वापस किया जायेगा। खराब सामग्री की दयाा मे जमानत की धनराशि जब्त कर जी जायेगी। 4. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी। 5. बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकर अधोहस्त्क्षरी का होगा। 6. अनुबन्ध स्वीकृत होने के पश्चात दर संशोधित होने तक अथवा एक माह के अन्दर आपत्ति करना अनिवार्य है।

ग्राम पंचायत प्रधान
ग्राम पंचायत
विकास खण्ड- , सोनभद्र

ग्राम पंचायत विकास अधिकरी
ग्राम पंचायत
विकास खण्ड- , सोनभद्र

पत्रांक- मेमो टेण्डर सूचना, 2023-2024 दिनांक.............2023

# हम इस जीत के बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहते, लखनऊ के कप्तान के एल राहुल ने दिया हैरान करने वाला बयान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 का तीसरे मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स



ने दिल्ली कैपिटल्स करारी शिकस्त दी। लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में लखनऊ ने दिल्ली को 50 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 193 रन बनाए। वहीं, दिल्ली, डेविड वॉर्नर के अर्धशतक के बावजूद 20 ओवर में 9 विकेट पर 143 रन ही बना सका। मार्क वुड ने पांच विकेट चटकाए। मैच जीतने के बाद केएल राहुल ने कहा, लखनऊ सुपर जायंट्स यह हमारे लिए अच्छी शुरुआत रही है। इससे हमें आगे आत्मविश्वास मिलेगा। हम इससे आत्मविश्वास हासिल करेंगे। यह टी20 क्रिकेट है, आपको हर रोज आने वाले मुकाबले के लिए तैयार रहने की जरूरत है। हम इस जीत के बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहते। मेयर्स और वुड की तारीफ करते हुए राहुल ने कहा, टॉस हमारे हाथ में नहीं है, नए नियमों के साथ आपको अपनी मनचाही टीम से खेलने का मौका मिलता है। गेंदबाजी और बल्लेबाजी में काफी गहराई देता है। मेयर्स ने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे हमने स्पिनरों के खिलाफ आक्रामक रुख अपना पाए। मुझे लगा उन्होंने अच्छी शुरुआत की, लेकिन आज वुड का दिन था। कुल मिलाकर गेंदबाजी ग्रुप ने अच्छा प्रदर्शन किया और बल्लेबाजों पर दबाव बनाया। 50 रन से हारी दिल्ली बता दें कि आईपीएल में दोनों तीन बार भिड़ चुकी हैं। तीनों ही बार लखनऊ ने बाजी मारी है। साल 2022 में पहली बार लखनऊ ने दिल्ली को 6 रन और दूसरे मैच में 6 विकेट से मात दी थी। यह लखनऊ की दिल्ली के खिलाफ तीसरी जीत है। गौरतलब हो कि दिल्ली, ऋषभ पंत की गैर मौजूदगी में खेल रही थी। डेविड वॉर्नर को कप्तान बनाया है।

# मेयर्स की आंधी और वुड के तूफान में उड़ी दिल्ली, लखनऊ ने 50 रन से रौंदा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 का तीसरा मैच लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। इस मैच




में लखनऊ ने दिल्ली को 50 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 193 रन बनाए। वहीं, दिल्ली, डेविड वॉर्नर के अर्धशतक के बावजूद 20 ओवर में 9 विकेट पर 143 रन ही बना सका। मार्क वुड ने पांच विकेट चटकाए। 194 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की शुरुआत तेज रही। दिल्ली ने 4 ओवर में 40 रन बना लिए थे। पृथ्वी शॉ और डेविड वॉर्नर के बल्ले से रन निकल रहे थे, लेकिन वुड के ओवर ने कहानी बदल दी। वुड ने अपने पहले ओवर में पहले पृथ्वी को क्लीन बोल्ड कर पहला झटका दिया। इसके बाद अगली ही गेंद पर मिचेल मार्श को बोल्ड कर दूसरा झटका दिया। इन दो झटकों से दिल्ली नहीं उभर सकी और समयातंराल पर विकेट खोए। हालांकि, डेविड वॉर्नर ने एक छोर संभाले रखा। वॉर्नर 48 गेंद पर 56 रन बनाकर आवेश खान का शिकार बने। आखिरी ओवर वुड ने दो विकेट लेकर मैच अपने पांच विकेट पूरे किए। आवेश खान और रवि विश्नोई को दो-दो विकेट मिले। आवेश खान ने इन दो विकेटों के साथ आईपीएल में अपने 100 विकेट भी पूरे किए। मेयर्स ने जीवनदान का उठाया फायदा इससे पहले लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 193 रन बनाए। 14 के निजी स्कोर पर काइल मेयर्स को जीवनदान मिला। काइल मेयर्स ने जीवनदान मिलने के बाद समां बांध दिया और कई शानदार शॉट लगाए। मेयर्स ने 38 गेंद पर 2 चौके और 7 छक्कों की मदद से ताबड़तोड़ 73 रन बनाए। खलील और चेतन सकारिया को दो-दो विकेट मिले। पूरन ने 36 रन बनाए। आयुष बडोनी ने 7 गेंद पर 18 रन की कैमियो पारी खेली। तीसरी बार हराया दिल्ली को लखनऊ के लिए जीत के हीरो मेयर्स, निकोलस पूरन (21 गेंद, 36 रन) के अलावा मार्क वुड (पांच विकेट) रहे, जिन्होंने अपनी कहर बरपाती गेंद के सामने दिल्ली के बल्लेबाजों के टिकने नहीं दिया। कप्तान डेविड वार्नर ने सबसे ज्यादा 56 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली। लखनऊ की यह दिल्ली पर लगातार तीसरी जीत है।

# 200 रन के स्ट्राइक रेट से एमएस धोनी ने जड़ा अनोखा 'दोहरा शतक', कोहली के इस खास क्लब में हुए शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी मैदान पर बड़े-बड़े शॉट्स जड़ने के लिए जाने जाते हैं। इसका नजारा आईपीएल 2023 के पहले मुकाबले में भी देखने



को मिला। धोनी ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए छोटी पारी खेलते हुए भी गगनचुंबी छक्के जड़कर एक खास उपलब्धि हासिल कर ली है महेंद्र सिंह धोनी ने 14 रन बनाने के साथ ही मैच फिनिशर का अवतार दिखाकर फैंस को काफी खुश किया। उन्होंने डेथ ओवरों में 7 गेंद खेलकर 1 चौके और 1 छक्के की मदद से 14 रनों की अहम पारी खेली, जिसमें ही उन्होंने रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। धोनी ने आईपीएल में एक टीम से खेलते हुए अपने 200 छक्के पूर कर लिए है दरअसल, गुजरात टाइटंस के खिलाफ टॉस हारने के बाद सीएसके टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए, जिसमें रुतुराज गायकवाड़ ने 92 रनों की तूफानी पारी खेली। इसके अलावा अंत में कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 14 रनों की नाबाद पारी खेलकर ही एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। बता दें कि धोनी ने अपनी पारी में एक छक्का जड़ने के साथ ही आईपीएल में एक टीम (सीएसके) की तरफ से करियर का 200वां छक्का जड़ा। इस तरह धोनी में एक टीम की ओर से 200 छक्के जड़ने वाले महज दूसरे भारतीय और दुनिया के 5वें बल्लेबाज बन गए। इस लिस्ट में सबसे टॉप पर क्रिस गेल का नाम हैं, जिन्होंने आरसीबी की तरफ से खेलते हुए 239 छक्के लगाए। इसके बाद नंबर 2 पर एबी डिविलियर्स का नाम हैं, जिन्होंने आरसीबी के लिए 238 छक्के जड़े है।

# जानें कब, कहां और कैसे देख सकते हैं रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस का लाइव प्रसारण व स्ट्रीमिंग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2023) के 16वें सीजन के पांचवें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की भिड़ंत पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस से होगी। यह मुकाबला 2 अप्रैल को बैंगलोर के चिन्नास्वामी मैदान पर शाम 7 बजकर 30 मिनट से खेला जाएगा। बैंगलोर की टीम को पहले मैच में ग्लेन मैक्सवेल और जोश हेजवलुड की सुविधा नहीं मिलेगा। वहीं, मुंबई के नियमित कप्तान रोहित शर्मा का भी खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। आरसीबी ने पिछले सीजन दूसरे क्वालीफायर तक का सफर तय किया था। वहीं, मुंबई प्वॉइंट्स टेबल में आखिरी पायदान पर रही थी। ऐसे में फाफ डुप्लेसी की कप्तानी में बैंगलोर इस सीजन अपने 15 साल के सूखे को खत्म करना चाहेगी, तो मुंबई एकबार फिर चैंपियन वाला खेल दिखाने को बेताब होगी। आईपीएल 2023 का पांचवां मैच रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच 2 अप्रैल यानी रविवार को खेला जाएगा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 का पांचवां मैच कहां खेला जाएगा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 का पांचवां मुकाबला बैंगलोर के चिन्नास्वामी मैदान पर खेला जाएगा।रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 का पांचवां




मैच कितने बजे शुरू होगा रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 का पांचवां मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा। टॉस आधे घंटे पहले होगा। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 के पांचवें मैच का लाइव प्रसारण किस चैनल पर होग रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 के पांचवें मैच का लाइव प्रसारण भारत में स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा।रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और मुंबई इंडियंस के बीच आईपीएल 2023 के पांचवें मैच की लाइव स्ट्रीमिंग कैसे देख सकते हैं।

# पंजाब ने केकेआर को धोया, दिल्ली के खिलाफ रहा लखनऊ का भौकाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग



(आईपीएल 2023) का शुभारंभ शुक्रवार 31 मार्च से हो गया। आईपीएल के 16वें सीजन का फाइनल 28 मई को अहमदाबाद में खेला जाएगा। आईपीएल 2023 का उद्घाटन मुकाबला गत चैंपियन गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला गया। टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इस बार टूर्नामेंट नए तेवर के साथ पुराने अंदाज में लौट रहा है। टीमें होम-एंड-अवे प्रारूप में मैच खेल रही हैं। इंपैक्ट प्लेयर का नियम लागू किया गया है। इस बार 10 फ्रेंचाइजी टीमों कों" और" ग्रुप में बांटा है।आईपीएल के 16वें सीजन में शनिवार को दो बड़े मुकाबले खेले गए, जहां पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स को पंजाब किंग्स ने धूल चटाई तो दूसरे मैच में लखनऊ के सुपर जायंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 50 रनों से हराया। वहीं, उद्घाटन मैच में गुजरात ने चेन्नई को हराया आइए देखते हैं इन दो बड़े मैचों के बाद क्या है प्वॉइंट्स टेबल का ताजा गौरतलब हो कि के बाद सभी टीमें होम-एंड-अवे फॉर्मेट में मैच खेलेंगी। मतलब सभी 10 टीमें अपने-अपने होम ग्राउंड में कुछ मैच खेलेंगी और कुछ मैच दूसरी टीम के होम ग्राउंड पर। इस बार टूर्नामेंट को 12 शहरों में आयोजित किया जा रहा है। अहमदाबाद, मोहाली, लखनऊ, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता, जयपुर, मुंबई, गुवाहाटी और धर्मशाला को आईपीएल मैच की मेजबानी करने का मौका मिला बता दें कि आईपीएल में 10 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। दोनों ग्रुप में शामिल टीमें 14-14 मैच खेलेंगी। प्रत्येक ग्रुप की टॉप दो टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालीफाइ करेंगी। में मुंबई इंडियंस ,कोलकाता नाइट राइडर्स ,राजस्थान रॉयल्स ,दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स शामिल है।

# कोहली का होगा हल्ला, जोफ्रा आर्चर की रफ्तार मचाएगी तबाही

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आपीएल 2023) के 16वें सीजन के पांचवें मैच में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का आमना-सामना होगा। चिन्नास्वामी के मैदान पर होने वाले इस मुकाबले में जमकर चौके-छक्कों की बरसात देखने को मिल सकती है। दोनों टीमों के पास स्टार खिलाड़ियों की भरमार है, जो चंद ओवरों में मैच का रुख पलटने का माद्दा रखते हैं। आइए आपको बताते हैं उन पांच खिलाड़ियों के नाम, जो इस महामुकाबले में धमाल मचा सकते हैं। कोहली अपने विराट अवतार में लौट चुके हैं। विराट के बल्ले से पिछले एक साल में जमकर रन बरसे हैं। ऐसे में मुंबई इंडियंस के गेंदबाजों को कोहली से खासा सावधान रहना होगा। आरसीबी के पूर्व कप्तान को चिन्नास्वामी का मैदान वैसे भी बेहद रास आता है। विराट का बल्ला अगर पहले मैच में चला तो आरसीबी के लिए सीजन का आगाज धमाकेदार हो सकता है।

# लखनऊ में काइल मेयर्स ने उड़ाया बल्ले से गर्दा, दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी अटैक से हुआ जमकर खिलवाड़

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आपीएल 2023) के 16वें सीजन के तीसरे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच जोरदार भिड़ंत हो रही है। कप्तान केएल राहुल भले ही सस्ते में पवेलियन लौट गए, लेकिन काइल मेयर्स ने लखनऊ के घरेलू मैदान पर बल्ले से जमकर गर्दा उड़ाया। अपने आईपीएल डेब्यू मैच में कैरेबियाई बल्लेबाज ने दिल्ली के गेंदबाजों की खूब धुनाई की। ग्हकाइल मेयर्स पहली गेंद से ही आक्रामक अंदाज



में नजर आए और उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। मेयर्स की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के आगे दिल्ली का मजबूत बॉलिंग अटैक पूरी तरह से बेअसर दिखाई दिया। मेयर्स ने कुलदीप यादव की गेंद पर जोरदार सिक्स लगाते हुए 28 गेदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। मेयर्स ने 38 गेंदों में 73 रनों की विस्फोटक पारी खेली। कैरेबियाई बल्लेबाज ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी के दौरान चौके से ज्यादा छक्के जमाए लखनऊ सुपर जायंट्स की शुरुआत हालांकि शांत रही और टीम ने पहले तीन ओवर में सिर्फ 12 रन स्कोर बोर्ड पर लगाए।

# राशिफल




**मेष-:** तली-भुनी चीजों से दूर रहें और नियमित व्यायाम करते रहें. घरेलू सुख-सुविधा की चीज़ों पर ज़रूरत से ज़्यादा खर्च़ न करें। पिता का तल्ख बर्ताव आपको नाराज़ कर सकता है।

**वृष-:** जीवन की सभी कठिन परिस्थितियों में आपको अपने माता-पिता का पूरा सहयोग मिलेगा. जो लोग प्रेम के मोर्चे पर मायूस महसूस कर रहे हैं।

**मिथुन-:** क्षणिक क्रोध विवाद और दुर्भावना का कारण बन सकता है. मनोरंजन और सौन्दर्य वृद्धि पर आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत न करें।

**कर्क-:** आज सभी ग्रह और सितारे आपके पक्ष में हैं, आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता जरूर मिलेगी. आज के दिन यात्रा की योजना बन सकती है।

**सिंह-:** आपकी इच्छा शक्ति को प्रोत्साहन मिलेगा, क्योंकि आप बहुत उलझी हुई परिस्थितियों से निकलने में क़ामयाब रहेंगे. भावनात्मक फैसले लेते समय अपनी तार्किकता को न छोड़ें।

**कन्या-:** प्रेम के मामले में सफलता मिलेगी. नए कार्यों की शुरुआत करना शुभ रहेगा। आज अपने प्रिय के साथ अपनी व्यक्तिगत भावनाओं और गोपनीय मामलों को साझा करने का सही समय है।

**तुला-:** जो लोग आपके पास कर्ज के लिए आते हैं, बेहतर होगा आप उन्हें नजरंदाज करें. पारिवारिक मोर्चे पर चीज़ें अच्छी रहेंगी और आप अपनी योजनाओं को पूरा समर्थन मिलने की उम्मीद कर सकते हैं।

**वृश्चिक-:** छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-:** इससे पहले कि नकारात्मक विचार मानसिक रोग का रूप लें, आपको उन्हें समाप्त कर देना चाहिए. आप किसी परोपकारी कार्य में हिस्सा लेकर ऐसा कर सकते हैं।

**मकर-:** लंबे समय से चली आ रही दिक्कतों से आज आपको छुटकारा मिल सकता है. आगे बढ़ने के बजाय अपने सभी आगामी कार्यों को पूरा करना ही समझदारी होगी।

**कुंभ-:** भावनात्मक रूप से बहुत अच्छा दिन नहीं रहेगा. आर्थिक समस्याओं के कारण आपको आलोचना और वाद-विवाद का सामना करना पड़ सकता है।

**मीन-:** आज आप सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे, जिसका असर आपके आसपास के लोगों पर भी पड़ेगा. खुद के काम से समय निकालकर परिवार के साथ अधिक समय बिताना संभव नहीं होगा।






# जड़ा अपने आईपीएल करियर का पहला अर्धशतक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मोहाली के आईएस ब्रिंदा क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच आईपीएल 2023 का दूसरा मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में केकेआर टीम के कप्तान नितीश राणा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया वहीं, पहले बल्लेबाजी करने आई पंजाब किंग्स की शुरुआत धमाकेदार रही। पंजाब टीम के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने कमाल की बल्लेबाजी की। इसके बाद भानुका राजपक्षे ने 30 गेंदों पर अपने आईपीएल करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया। उनके दमदार फिफ्टी को देख पंजाब टीम की मालकिन प्रीति जिंटा स्टेडियम में बैठे हुए तालियां बजाती हुई नजर आई, जिसकी तस्वीरें अब तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।दरअसल, पंजाब किंग्स की तरफ से नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने आए भानुका राजपक्षे ने केकेआर टीम के खिलाफ आईपीएल 2023 के दूसरे मुकाबले में अपने आईपीएल करियर का पहला अर्धशतक जड़ा।

# कहां फिसला दिल्ली के हाथ से मैच किसने पलट दी लखनऊ के लिए बाजी जानें क्या रहा मैच का टर्निंग पॉइंट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2023 के तीसरे मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स का भौकाल रहा। केएल आपको बताते हैं। दरअसल, दिल्ली और लखनऊ के बीच खेले गए मुकाबले में दो टर्निंग पॉइंट रहे, जहां से मैच पूरी तरह से लखनऊ लगाने में सफल रही। खलील अगर यह मैच पकड़ लेते तो शायद मैच का नतीजा कुछ और होता।दिल्ली के सामने 194 रनों का विशाल लक्ष्य



राहुल की अगुवाई में लखनऊ ने दिल्ली कैपिटल्स को एकतरफा मैच में 50 रनों से हराया। घरेलू मैदान पर लखनऊ के बल्लेबाजों ने पहले जमकर तबाही मचाई, तो इसके बाद टीम के गेंदबाजों ने दिल्ली के बैटिंग ऑर्डर को तहस-नहस करने में कोई कसर नहीं छोड़ी कहां फिसला दिल्ली कैपिटल्स के हाथों से मैच और किसने पलटी लखनऊ के लिए बाजी यानी सीधे शब्दों में कहें तो क्या रहा इस मुकाबला का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट, आइए की ओर मुड़ गया। काइल मेयर्स 14 के स्कोर पर बल्लेबाजी कर रहे थे, जब खलील अहमद ने चेतन सकारिया की गेंद पर मेयर्स का आसान सा कैच टपका दिया। यह कैच लखनऊ के लिए बेहद फायदेमंद और दिल्ली के लिए बड़ा महंगा साबित हुआ। मेयर्स ने इसके बाद दिल्ली के गेंदबाजों की जमकर धुनाई कर डाली और 38 गेदों पर 73 रन कूटे। मेयर्स द्वारा खेली गई तूफानी पारी के चलते लखनऊ की टीम स्कोर बोर्ड पर बड़ा टोटल था और टीम की सारी उम्मीदें अपने टॉप ऑर्डर बल्लेबाजों पर थी। हालांकि, दिल्ली के टॉप ऑर्डर को तहस-नहस करने का काम मार्क वुड ने किया। वुड ने लगातार दो गेंदों में पृथ्वी शॉ और फिर मिचेल मार्श को क्लीन बोल्ड करते हुए पवेलियन की राह दिखाई। वुड यहीं नहीं रुके और उन्होंने सरफराज खान, अक्षर पटेल और चेतन सकारिया को भी पवेलियन की राह दिखाई। वुड ने पांच विकेट झटके और मैच को पूरी तरह से लखनऊ के पक्ष में मोड़ दिया।

# सम्पादकीय

## अंश को पूर्ण समझने की भूल खंडित विचार से राजनीतिक लाभ उठाने वालों से सामाजिक विभाजन का खतरा

तुलसीदास ने रामकथा पर आधारित रामचरितमानस सोलहवीं शताब्दी में लिखी थी। यह उत्कृष्ट काव्य है। करोड़ों हिंदू इसे धर्मग्रंथ जैसा सम्मान देते हैं। एक समय सूरीनाम, मारीशस, कंबोडिया और थाइलैंड आदि देशों में भारत से जाकर बसने वाले लोग रामचरितमानस की प्रतियां भी साथ ले गए थे। वहीं भारत में कुछ राजनेता मानस की कथित नारी अपमान एवं शूद्र संबंधी चौपाइयों को लेकर आक्रामक हैं। वे इसे जलाने या प्रतिबंधित करने की मांग कर रहे हैं। शूद्र शब्द भी इस विवाद का हिस्सा है। उनके वक्तव्यों से सामाजिक विभाजन का खतरा है। वे अगड़े-पिछड़े के विभाजन में राजनीतिक अवसर तलाश रहे हैं। इस प्रसंग में डा. आंबेडकर की पुस्तक 'हू वर शूद्राज' यानी 'शूद्र कौन थे' के उदाहरण प्रासंगिक हैं। इस पठनीय पुस्तक में डा. आंबेडकर ने सृष्टि और शूद्रों के उद्भव के संबंध में भारतीय ग्रंथों और पाश्चात्य विद्वानों के विचार निरस्त किए हैं। उन्होंने आर्यों को नस्लवादी और आक्रांता मानने, दास और दस्यु को□ आर्यों से भिन्न मानने से इन्कार किया। आर्यों की श्वेत नस्ल और दास एवं दस्यु को अश्वेत नस्ल नहीं माना। आर्यों की दासों और दस्युओं पर विजय, विजय के बाद दास बनाने एवं उन्हें शूद्र बनाने की बात भी गलत बताई। आर्यों में रंगभेद की भावना और आर्यों द्वारा चातुर्वण्य का निर्माण भी नहीं माना। रंगभेद का खंडन करते हुए उन्होंने ऋग्वेद से उद्धरण दिए कि, 'आर्यों में रंगभेद नहीं था। कुछ गोरे थे। कुछ काले थे। श्रीराम और श्रीकृष्ण श्याम वर्ण के थे। ऋग्वेद के ऋषि दीर्घतमस और कण्व श्याम वर्ण के थे।' आंबेडकर के अनुसार शूद्र शब्द पहले किसी वर्ण या वर्ग का सूचक नहीं था, बल्कि एक गण या समूह का नाम था। भारत पर सिकंदर के आक्रमण पर इतिहासकारों ने लिखा है कि, 'यहां के स्वाधीन गणराज्यों में सौदरि नाम का गण था। सौदरि गण सिकंदर से लड़ा था।' डा. आंबेडकर ने महाभारत और पुराणों का उल्लेख करते हुए कहा कि 'इसमें शूद्रों के गणसंघ का उल्लेख है। छांदोग्य उपनिषद में राजा जानश्रुति शूद्र थे। उन्होंने रैक्व ऋषि से वेदविद्या प्राप्त की थी। ऋग्वेद के एक ऋषि कवष ऐलूश शूद्र थे।' उन्होंने पूर्व मीमांसा के दार्शनिक जैमिनि, महाभारत, श्रौत सूत्र, कात्यायन श्रौतसूत्र आदि ग्रंथों का हवाला देते हुए लिखा है कि, 'शूद्र गण को सभी धार्मिक कर्मकांड करने के अधिकार थे।' शूद्र आर्य थे। शूद्र क्षत्रिय थे। आर्य समुदाय के अनेक प्रसिद्ध राजा शूद्र थे। डा. आंबेडकर ने कोलंबिया विश्वविद्यालय में जाति उत्पत्ति पर शोध में लिखा, 'जाति धर्म का नियम मनु द्वारा प्रदत्त नहीं है और न ही वह ऐसा कर सकता था। ब्राह्मण कई गलतियां करने के दोषी रहे हों, मैं कह सकता हूं कि वे ऐसे थे, किंतु जाति व्यवस्था को गैरब्राह्मणों पर लादने की उनकी क्षमता नहीं थी।' सभी प्राचीन ग्रंथ देश-काल और परिस्थिति के आधार पर लिखे गए। सैकड़ों वर्ष बाद उनके कुछ अंशों की संगति आधुनिक मूल्यों से भिन्न हो सकती है, मगर इसी आधार उन्हें खारिज नहीं कर सकते। बौद्ध ग्रंथ 'अंगुत्तरनिकाय चक्कतुनिपात' में उल्लेख है कि, 'स्त्री वर्ग संतापी, ईर्ष्यालु और बुद्धिहीन है।' मार्क्सवादी चिंतक डा. रामविलास शर्मा ने इससे उद्धरण दिए हैं, 'भिक्षुओं में इस बात की संभावना नहीं है कि स्त्री सम्यक, संबुद्ध हो। ऐसी संभावना है कि पुरुष अर्हत, सम्यक, संबुद्ध हो।' ऐसे विचार आधुनिक काल के संगत नहीं हैं। मूलभूत प्रश्न है कि क्या कुछ वाक्यों के आधार पर हम विख्यात बुद्ध दर्शन को खारिज कर दें। अंश के आधार पर पूर्ण का विवेचन नहीं हो सकता। विवेचन में देश-काल के प्रभाव का ध्यान रखना जरूरी होता है। महान संत कबीरदास के विचार काफी लोकप्रिय हैं। उनमें शंकराचार्य का अद्वैत दर्शन है, लेकिन नारी के विषय में कबीर का कथन है, 'नारी नसावे तीनि सुख जा नर पास होई/भक्ति मुक्ति निज ज्ञान में पैसि न सके कोई।' अर्थात नारी किसी पुरुष की निकटता में तीन गुणों का नाश करती है। भक्ति, मुक्ति एवं ज्ञान की क्षति करती है। 'नारी कुण्डा नरक का बिरला थांबे बाग/कोई साधू जन उबरै सब जग मुअन लाग।' भी कबीर ने रचा है, जिसके अनुसार नारी नरक का कुआं है। विरले ही इससे बच पाते हैं। शेष इसमें गिरकर मर जाते हैं। ऐसे उद्धरण आधुनिक संदर्भ में किसी को भी अनुचित लग सकते हैं, किंतु कबीर का मूल्यांकन ऐसे उद्धरणों के आधार पर नहीं किया जा सकता। इसी आधार पर उनकी निंदा भी नहीं की जा सकती। कबीर के तमाम दोहे एवं भजन प्रगतिशील विचारों से समृद्ध हैं।

## संदेह से परे हों न्यायिक नियुक्तियां न्यायपालिका ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करेगी यह कल्पना से परे

न्यायिक नियुक्तियों पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कलेजियम व्यवस्था बनाने और संसद द्वारा पारित राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग यानी एनजेएसी के गठन को गैर-संवैधानिक घोषित करने के मुद्दे पर विवाद और विमर्श दोनों जारी हैं। उपराष्ट्रपति



जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने न्यायपालिका को न्यायिक लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन न करने की सलाह दी है तो कानून मंत्री ने न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शी एवं उत्तरदायित्वपूर्ण बनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट कलेजियम में केंद्र सरकार और उच्च न्यायालय कलेजियमों में राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों को शामिल करने के लिए पत्र भेजा। इससे कार्यपालिका और न्यायपालिका के मध्य विवाद का संकेत गया, लेकिन इसे इन संस्थाओं के बीच संवाद के रूप में भी देखा जाना चाहिए। न्यायमूर्ति एमसी छागला जब मुंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे तो उस दौरान वह तत्कालीन मुख्यमंत्री मोरारजी देसाई के साथ न्यायिक नियुक्तियों पर सैद्धांतिक असहमति के बावजूद प्रतिमाह चाय या रात्रि भोज पर संवाद करते थे। आज उस परंपरा को पुनर्जीवित क्यों नहीं किया जा सकता स्वतंत्रता तथा योग्यता के आधार पर निष्पक्ष न्यायिक नियुक्तियों को लेकर देश में सर्वसम्मति है। संविधान निर्माताओं की ऐसी कोई मंशा नहीं थी न्यायिक नियुक्तियों में किसी एक संवैधानिक संस्था का एकाधिकार हो। डा. आंबेडकर कल्पना ही नहीं कर सकते थे कि न्यायपालिका ही न्यायाधीशों की नियुक्ति करेगी और जनता को बताएगी भी नहीं कि किस आधार पर उनका चयन हुआ और क्यों कुछ को अस्वीकृत किया गया कलेजियम प्रणाली से जिस तरह नियुक्तियां हो रही हैं, उससे जनता के मन में शंकाएं उत्पन्न हो रही हैं। संभव है कि वे शंकाएं निर्मूल हों, किंतु पारदर्शिता के अभाव में उन्हें बल मिलता है।

# व्यापारी स्वाभिमान यात्रा 1/2अप्रैल को प्रयागराज में व्यापक तैयारी पूर्ण सज धज के साथ नगर में प्रवेश




**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल,एवं प्रयागराज जिला एवं महानगर उद्योग व्यापार मंडल के 50 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश भर में व्यापारी स्वाभिमान यात्रा प्रदेश अध्यक्ष/राष्ट्रीय महामंत्री मुकुंद मिश्रा, महामंत्री डॉ दिलीप सेठ, राजेंद्र गुप्त,प्रदेश युवा उपाध्यक्ष गौरव कृष्ण के नेतृत्व में 13 मार्च को मेरठ से व्यापार मंडल व्यापारियों के द्वार प्रारंभ है प्रयागराज जनपद में इसका आगमन 1,अप्रैल व्यापारिक नववर्ष दिन शनिवार को फतेहपुर कौशांबी मार्ग से प्रयागराज में प्रवेश होगा कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए संरक्षक/अध्यक्ष राजीवकृष्ण श्रीवास्तव बंटी/जिला अध्यक्ष अनूप वर्मा के नेतृत्व में कौशांबी से लाकर हिम्मत गंज स्थित संजीव गार्डन मैं रोका गया भोजन उपरांत स्वाभिमान यात्रा मे महिला जिला अध्यक्ष एडवोकेट जूही जायसवाल महिला टीम के साथ रथ पर सवार होकर नेतृत्व कर रही थी प्रदेश संगठन के रथ पर प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के साथ संरक्षक अध्यक्ष राजीवकृष्ण श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष अनूप वर्मा अगुवाई करते हुए नगर के व्यस्ततम क्षेत्र खुल्दाबाद,नखास कोना, कोतवाली,बहादुरगंज,राम भवन,मुट्ठी गंज,कोठा परचा, चंद्रलोक चौराहे से होते हुए मानसरोवर,अग्रसेन चौराहा, से जीरो रोड,घंटाघर पहुंचने पर व्यापारी द्वारा ज्ञात होने पर प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा संरक्षक/नगरध्यक्ष राजीव कृष्ण एवं जिलाध्यक्ष अनूप वर्मा सहित तमाम पदाधिकारियों के साथ घंटा घर के पीछे घटनास्थल नेहरू कंपलेक्स जहां पर आग लग जाने के कारण काफी नुकसान हुआ वहां पर पहुंचकर मुआयना करते हुए तमाम व्यापारियों से मुलाकात किया और यह आश्वासन देते हुए कहा कि शासन स्तर पर इस अग्निकांड के पीड़ित सभी व्यापारियों के विषय में वार्ता करूंगा संरक्षक नगरध्यक्ष राजीवकृष्ण श्रीवास्तव एवं जिला अध्यक्ष अनूप वर्मा ने सरकार से मांग करते हुए कहा अग्निकांड में पीड़ित व्यापारियों को जल्द से जल्द उचित मुआवजा दिया जाए जिसके उपरांत यात्रा घंटाघर से जानसेन गंज होटल वशिष्ठ में रात्रि विराम के लिए रोका गया आगे की यात्रा प्रतापगढ़ के लिए कल सुबह 10:00 बजे होटल वशिष्ठ से राजीव कृष्ण श्रीवास्तव अनूप वर्मा के नेतृत्व में शुरू होगा आज की इस यात्रा में मुख्य रूप से निखिल पांडेय शिव विशाल गुप्ता,कुलदीप पांडेय,गौरव करवरिया,अंकित गुप्ता आदि लोगो ने महानगर सहित प्रयागराज से प्रतापगढ़ तक जोरदार स्वागत करने तथा मुख्य चौराहों पर भव्य स्वागत के लिए हर संभव प्रयास करने का आवाहन सभी व्यापारियों से किया राजीवकृष्णश्रीवास्तव अनूप वर्मा सहित अभिषेक केशरवानी निखिल पांडेय ने बताया कि प्राचीनतम व्यापार मंडल को 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष में प्रवेश करते हुए देखा जा रहा हैं भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए राजीवकृष्ण श्रीवास्तव, अनूप वर्मा,कुलदीप पांडे, गौरव करवरिया,अंकित गुप्ता,राजेश केसरवानी, कुमार नारायण चरणजीत सिंह जसप्रीत सिंह राजा विजय चौहान अभिषेक केशरवानी तरुण प्रताप सिंह ओम प्रकाश गुप्ता राजेंद्र अग्रवाल मुनीमजी रुपेश चौधरी महेश केसरवानी सुभाष केसरवानी गुड्डू बद्री प्रसाद वर्मा मोहम्मद हुसैन दिलीप केसरवानी अरशद बालू मो0जमाल सेठ विशाल गुप्ता विवेक खन्ना राजकुमार धवन विनय जी सोनी महिला जिलाध्यक्ष जूही जायसवाल, अर्चना केसरवानी,सीमा श्रीवास्तव,रेनू जयसवाल, बबीता जायसवाल,ममता जयसवाल,रीनाखन्ना, जयमाला जयसवाल, कंचन मौर्या,प्रीति गुप्ता,गीता गुप्ता, शिव विशाल गुप्ता, ओंकार नाथ त्रिपाठी,प्रमोद मौर्या, सौरभ जैन,राहुल केसरवानी, विवेक खन्ना,विक्की केसरवानी,सुभाष चंद केसरवानी,मनोज वर्मा, हरिंदर सिंह (लाली) बृजेश चौरसिया,विवेक खन्ना,संदीप जायसवाल,इंजीनियर कुलदीप केसरवानी,गिरीश गुप्ता,मुकेश गुप्ता,आदि लोगों के साथ हजारों की संख्या में लोग यात्रा में सम्मिलित हुए

# हिंदी बिना संभव नहीं देश का उत्थान, बिना पूरी तरह उपयोग के नहीं हो सकता इस भाषा का विकास

इस बार फिजी की राजधानी सुवा में विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। यह 15 से 17 फरवरी तक चलेगा। हिंदी भाषा का यह सबसे बड़ा सम्मेलन है, जिसमें



विश्व भर के हिंदी प्रेमी एकत्रित होते हैं। विश्व हिंदी सम्मेलन आयोजित किए जाने की परंपरा 1973 में राष्ट्रीय भाषा प्रचार समिति, वर्धा द्वारा प्रारंभ की गई थी। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदी को प्रचारित एवं प्रसारित करना है, जिससे हिंदी को अंतरराष्ट्रीय भाषा के रूप में स्थापित किया जा सके। विश्व की सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषाओं में हिंदी का तीसरा स्थान है, फिर भी हिंदी को वह स्थान नहीं मिला, जिसकी वह अधिकारी है। कहने को तो हिंदी सिर्फ एक भाषा है, परंतु वास्तव में यह भारत की पहचान है। यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक है। हिंदी सिर्फ भारत में ही नहीं बोली जाती, बल्कि गुयाना, सूरीनाम, त्रिनिदाद, फिजी, मारीशस, दक्षिण अफ्रीका और सिंगापुर में भी यह अधिकांश लोगों की बोलचाल की भाषा है। अंग्रेजी और मंदारिन (चीनी) के साथ ही हिंदी विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। भारत के अलावा विश्व भर के 40 से अधिक देशों में 600 से अधिक विद्यालयों/महाविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई और सिखाई जाती है। जर्मनी के स्कूलों में तो हिंदी पढ़ाने के लिए विदेश मंत्रालय ने जर्मन सरकार से समझौता भी किया है और वहां पर जर्मन हिंदी रेडियो सेवा संचालित है। पिछले कुछ वर्षों में तकनीकी के विकास और इंटरनेट की सुगम उपलब्धता के कारण हिंदी का भले ही प्रसार बढ़ा है, लेकिन अब भी यह प्रसार उस स्तर तक नहीं पहुंचा है जहां इसे होना चाहिए था। अगर हम हिंदी के लिए चलाए गए आंदोलनों और प्रयासों की तरफ देखें तो खुद गांधीजी हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित करना चाहते थे। 1918 में महात्मा गांधी ने हिंदी साहित्य सम्मेलन में हिंदी को जनमानस की भाषा बताते हुए इसे राष्ट्रभाषा बनाने का सुझाव भी दिया था। गांधीजी से पहले राममोहन राय, केशवचंद्र सेन, बंकिमचंद्र चटर्जी और मदन मोहन मालवीय सहित तमाम महापुरुषों ने हिंदी की पुरजोर पैरवी की थी। भारतीय संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है। भारतीय संविधान में उल्लेख है कि संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी। डा. राममनोहर लोहिया ने पिछली सदी के सातवें दशक में यह प्रस्ताव रखा था कि 'गर्मी की छुट्टियों में अध्यापकों को अनुवाद के काम में लगा देना चाहिए, ताकि हिंदी की किताबों को फटाफट तैयार किया सके। शिक्षा जैसे ही अंग्रेजी के शिकंजे से निकलेगी, ज्ञान के लोकतंत्रीकरण का मार्ग खुल जाएगा, भारतवासियों की प्रतिभा प्रस्फुटित हो उठेगी।' डा. लोहिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि अंग्रेजी को हटाना है अदालतों से, सरकारी दफ्तरों से, हिंदुस्तान के हर एक सार्वजनिक काम से ताकि हिंदुस्तान का हर एक सार्वजनिक कार्य अपनी मातृभाषा के माध्यम से हो सके। हिंदी हिंदुस्तान की भाषाओं की बहन है, चाहे बड़ी बहन ही सही। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान केंद्र सरकार ने मेडिकल और इंजीनियरिंग के कुछ पाठ्यक्रम हिंदी में अनुवाद करा कर लागू किए हैं। हिंदी के विकास के लिए यह वाकई स्वागतयोग्य कदम है। यह बात सही है कि भारत जैसे बहुआयामी देश के विद्यार्थी जब अपनी भाषा में पढ़ाई करेंगे, तभी लोगों की समस्याओं को ठीक प्रकार से समझ पाएंगे और उनकी सच्ची सेवा कर सकेंगे। मातृभाषा में व्यक्ति सोचने, समझने, अनुसंधान, तर्क एवं कार्य और अच्छे ढंग से कर सकता है। कई शोध इसकी पुष्टि करते हैं। ऐसे में, हिंदी में चिकित्सा की पढ़ाई प्रारंभ होने से देश में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन आएगा। निःसंदेह ग्रामीण परिवेश एवं मध्य वर्ग के हिंदी माध्यम में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए चिकित्सा एवं तकनीकी पढ़ाई सुगम हो जाएगी, क्योंकि उन्हें चिकित्सा विज्ञान की पुस्तकों में अंग्रेजी भाषा के कठिन शब्द समझने में कठिनाई होती है। भारतीय छात्र अपनी मातृभाषा में चिकित्सा और तकनीकी शिक्षा का अध्ययन करके निःसंदेह अपनी प्रतिभा का और अच्छी तरह प्रदर्शन कर पाएंगे। चिकित्सा एवं इंजीनियरिंग की शिक्षा के पश्चात विज्ञान, वाणिज्य एवं न्याय की शिक्षा भी मातृभाषा में होनी चाहिए। इस कदम से न केवल हिंदी की उन्नति होगी, बल्कि भारत विश्व में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। आज भारत एक वैश्विक शक्ति बनकर उभरा है, विश्व के लिए एक मुख्य बाजार भी है और यह बाजार हिंदी भाषियों से प्रभावित है। विदेशी कंपनियों को भी यह भलीभांति समझ आ गया है कि अगर इस बाजार में हिस्सेदारी चाहिए तो यहां की भाषा में बात करनी होगी। उन्हें मालूम है कि भारत में अगर टिके रहना है तो यहां की भाषा सीखकर ही आगे बढ़ सकते हैं। इसलिए बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बड़े-बड़े अधिकारी भी अब हिंदी सीख रहे हैं। किसी को भी अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए। इतिहास गवाह है कि विश्व में वही देश विकसित हुए हैं, जिन्होंने अपनी भाषा और संस्कृति को सहेजा है, संवारा है तथा उसे अपनाया है। भले ही भारत एक बहुभाषीय देश है, जिसमें समृद्ध भाषाओं की एक लंबी सूची है, जिनका साहित्य पुरातन एवं वैभवशाली है। बावजूद इसके इनका क्षेत्र सीमित है। जबकि हिंदी का विस्तार राज्यों की सीमाओं से परे अंतरराज्यीय से होते हुए अंतरराष्ट्रीय है। हमें यह समझने की जरूरत है कि हिंदी के बिना देश का उत्थान संभव नहीं है और जब तक हम हिंदी का उपयोग पूरी तरह से नहीं करेंगे, तब तक हिंदी भाषा का विकास नहीं हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### इन्टर इन्स्टीट्यूट कल्चरल एन्ड मैनेजमेंट फैस्ट संकल्प 2023 का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा ।** जीएल बजाज कॉलेज के पीजीडीएम विभाग में सातवें इंटर इंस्टीट्यूट कल्चरल एंड मैनेजमेंट फैस्ट संकल्प 2023 का भव्य आयोजन किया गया। फैस्ट में नृत्य, गायन, रंगोली, परीधान प्रदर्शन, नुक्कड नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता, मैनेजमेंट क्विज, फोटोग्राफी जैसी 19 विधाओं में दिल्ली एनसीआर के 45 कॉलेजों के 550 छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए निदेशक डॉ0 सपना राकेश ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि यह फैस्ट मुझे मेरे कॉलेज के पुराने दिनों में वापस ले गया है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे अपनी प्रतिभा को व्यक्त करने के लिए जो अवसर और मंच प्राप्त कर रहे हैं उनके प्रति आभारी रहें।कार्यक्रम में रोडीज और स्प्लिट्सविला फेम एवं फिल्म अभिनेता रणविजय सिंह सिंघा आकर्षण का केंद्र रहे। रणविजय अपने बीच पाकर सभी छात्र उत्साहित दिखायी दिये। यूथ आइकन रणविजय ने छात्रों का मनोबल बढाते हुए जीवन के मूल्यों और वास्तविक सफलता के बारे में बताया। कहा कि एक आदमी सही अर्थों में तब सफल होता है जब वह अपने व्यस्त जीवन के होते हुए भी परिवार के लिए समय निकाल पाता है। आप सभी अपने परिवार के लिए समय जरूर निकाले जो सबसे महत्वपूर्ण है।

# चित्रकूट ट्रक चालक से लूट करने वाले अन्तर्राज्यीय ०३ नफर लुटेरे मय अवैध हथियारो के साथ गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार सेवा)

**सतना।** चित्रकूट ट्रक चालक से लूट करने वाले अन्तर्राज्यीय 03 नफर लुटेरे मय अवैध हथियारो के साथ गिरफ्तार आशुतोष गुप्ता मोड़ मे स्टील की प्लेट एक तरफ होने व अनबैलेन्स होने से ट्रक खड़ा हो गया तब मै गाड़ी पर बैठा था। दिनांक 27.03.2023 की रात करीबन 01.30 बजे चार लोग मुह



पुलिस अधीक्षक सतना के कुशल निर्देशन एवम एसडीओपी आशीष कुमार जैन अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चित्रकूट जिला सतना (म.प्र.) के मार्गदर्शन एवं थाना चित्रकूट प्रभारी निरी0 एच.एल. मिश्रा के नेतृत्व में राहगीर ट्रक चालक के कनपटी मे अवैध वन्दूकें लगाकर लूट करने वाले अन्तर्राज्यीय 03 नफर लुटेरे मय अवैध हथियारो के साथ गिरफ्तार दिनांक 27/03/23 को फरियादी सुनील कुशवाह पिता श्री सियाराम कुशवाहा उम्र 32 वर्ष निवासी परौली थाना बानमोर जिला मुरैना (म.प्र.) का थाना उपस्थित आकर मौखिक रिपोर्ट कि मै ट्रक मे स्टील की प्लेट लोड़ कर दिनांक 25.03.2023 को दिल्ली से जबलपुर जा रहा था। बगदरा घाटी के बटौही मोड़ के आगे बांध कर आये जिनमे तीन व्यक्ति बंदूके लिये थे एक व्यक्ति कट्टा हाथ मे लिये था जो कट्टा लिये हुये ट्रक के पायदान मे ड्राईवर साईड चड़ कर कट्टा मेरे पेट मे लगाकर बोला कि जेब मे जो रखे हो निकाल कर दो नही तो गोली मार देंगे तब डर के कारण जेब से 6000 रुपये नगद जिमसे 500-500 की 12 नोट एवं वीवो कम्पनी का स्क्रीन टच मोबाईल लूट लिये थे । उपरोक्त रिपोर्ट पर कायमी कर विवेचना मे लिया गया । दौरान विवेचना अज्ञात लुटेरो को गिरफ्तार करने हेतु टीम गठित की गयी । सतना के सीमावर्ती उ.प्र. के क्षेत्र मे मुखबिर लगाये गये थे मुखबिर सूचना पर दिनाक 31/01/23 को सन्देही 1. ललित गुप्ता पिता कल्लू गुप्ता उम्र 24 साल निवासी खोही थाना कर्वी कोतवाली जिला चित्रकूट उ.प्र. 2. नीरज गुप्ता पिता शम्भू प्रसाद गुप्ता उम्र 30 साल निवासी ग्राम गौहानी कला थाना राजापुर जिला चित्रकूट उ.प्र. 3.कमल गुप्ता पिता कल्लू गुप्ता उम्र 19 साल निवासी खोही थाना कर्वी कोतवाली जिला चित्रकूट उ.प्र को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ की गयी जो पूछताछ पर दिनांक 27/03/23को रात को बटोही मोड के पास बगदरा घाटी ट्रक के ड्राइवर को बन्दूक कनपटी मे लगाकर उससे 6000/- रुपये मोबाइल लूट किये थे मुताबिक मेमोरण्डम आरोपीगणो से उक्त सामग्री एवं अपराध मे संलिप्त हथियारो को जप्त किया गया है। उपरोक्त आरोपीगण को गिरफ्तार किया जाकर आज माननीय न्यायालय पेश किया गया है। जप्त सामग्री- एक नग 12 बोर बन्दूक 03 नग कारतूस, 02 नग 315 बोर की रायफल 02 जिन्दा कारतूस ,01 वीवो कम्पनी का मोबाईल , 700 रुपये नगद ,02 मोटर सायकिल कुल कीमती 2,65000/-(दोलाख पैसठ हजार रु.) आरोपीगण- 1.ललित गुप्ता पिता कल्लू गुप्ता उम्र 24 साल निवासी खोही थाना कर्वी कोतवाली जिला चित्रकूट उ.प्र. 2. नीरज गुप्ता पिता शम्भू प्रसाद गुप्ता उम्र 30 साल निवासी ग्राम गौहानी कला थाना राजापुर जिला चित्रकूट उ.प्र. 3. कमल गुप्ता पिता कल्लू गुप्ता उम्र 19 साल निवासी खोही थाना कर्वी कोतवाली जिला चित्रकूट उ.प्र सराहनीय भूमिका एसडीओपी महोदय चित्रकूट आशीष जैन, निरी. एच.एल मिश्रा थाना प्रभारी चित्रकूट, उनि विक्रम सिंह ,सउनि जगन सिंह,प्र.आर. 624 पंकज मिश्रा ,प्र.आर.752 श्यामलाल,प्र0 आर0 570 धीरेन्द्र सिंह , आर 994 चन्दन,आर 312 संतोष राय ,आर 1015 विपिन सिंह ,आर 1053 अंजनी तिवारी ,आर 393 संतोष वर्मा,आर1029 ज्ञानेन्द्र सिहं, आर 894 गणेश,आर978 विनोद द्विवेदी, आर 343सुदीप कुमार।उप निरीक्षक अजीत सिंह,आर संदीप सिंह परिहार।

# मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने मलिन बस्ती-भीम नगर, नैनी पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास के गृह प्रवेश कार्यक्रम में हुए सम्मिलित, लाभार्थी के घर किया सहभोज

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा ।** मा0 उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक ने रविवार को सर्किट हाउस में बैठक के बाद मलिन सम्मिलित हुए। मीडिया बंधुओं से मुखातिब होते हुए मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने कहा कि मैंने आज यहां पर प्रधानमंत्री आवास योजना का बस्ती के लोगो की तरफ से मा0 प्रधानमंत्री जी को पत्र के माध्यम से अवगत भी कराऊंगा कि सभी लाभार्थी आवास पाकर बहुत ही



बस्ती-भीम नगर, नैनी पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), नगर निगम के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास से लाभान्वित श्री श्याम लाल पुत्र स्व0 जोखईराम के यहां गृह प्रवेश कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा लाभार्थी के परिवार को मकान की चाभी सौंपी। उन्होंने लाभार्थी के परिवार के साथ सहभोज एवं मलिन बस्ती का भ्रमण किया। सहभोज में मा0 उपमुख्यमंत्री जी के साथ लाभार्थी, मा0 विधायक शहर उत्तरी श्री हर्षवर्धन वाजपेयी, मा0 विधायक करछना श्री पीयूष रंजन निषाद व अन्य मा0 जनप्रतिनिधिगण धरातलीय निरीक्षण किया है। उन्होंने बस्ती में बनाये गये प्रधानमंत्री आवास की प्रशंसा करते हुए कहा कि आवास की गुणवत्ता बहुत अच्छी है। सभी लाभार्थी अपने आवास से बहुत प्रसन्न है तथा उनकें द्वारा मुझसे मा0 प्रधानमंत्री जी एवं मा0 मुख्यमंत्री जी को घर का सपना साकार किए जाने हेतु आभार भी प्रकट किया गया। मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने लाभार्थी के परिवार द्वारा उत्साहपूर्वक कराये गये सहभोज व स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने बस्ती के सभी लोगो का अभिनंदन एवं आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि मैं आह्लादित है एवं उनका अपने पक्के मकान का सपना पूरा हुआ है। मा0 उपमुख्यमंत्री जी ने कालोनी का भ्रमण कर लोगो का हाल-चाल जाना एवं उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री, मुख्य विकास अधिकारी श्री गौरव कुमार, नगर आयुक्त श्री चन्द्र मोहन गर्ग, अपर नगर आयुक्त रत्नाप्रिया, परियोजना अधिकारी वर्तिका सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चहक उत्सव स्कूल चलो अभियान का भव्य आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा ।** दनकौर क्षेत्र के भटटा गांव मे स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय भटटा मे चहक , बाल वाटिका , प्रवेश उत्सव निः शुल्क पाठ्य वितरण का शुभारम्भ विद्यालय प्रबन्ध समिति अध्यक्ष मुस्तकीम व कृष्ण कुमार शर्मा प्रभारी प्रधानाध्यापक व संकुल शिक्षक भटटा पारसौल व पारूल उपाध्याय नोडल प्रभारी रेडीनेश चहक व पुनम नोडल प्रभारी बाल वाटिका के द्वारा वितरण किया गया. छात्र आयान को एक दिन के लिए विधालय का प्रधानाध्यापक बनाया गया. प्रधानाध्यापक बनने पर कहा विद्यालय मे नियमित उपस्थिति, खेल ,घर से होमवर्क करके लाना ,छात्रों मे उत्साह देखने को मिला. चहक कार्यक्रम मे छात्रों के माता पिता ने बढचढ कर भाग लिया.निपुण लक्ष्य के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गयी.इस अवसर पर विनीत कुमार रावत आशा कुमारी,अशोक कुमार,प्रमोद बाबू ,इमरान,गीता,बाला,राजरानी,सुमन,आदि उपस्थित रहे।

# इंडिया नेक्स्ट मास्टर किड्स सीजन-3 के ऑडिशन में नोएडा के 15 बच्चे हुए सिलेक्ट

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा ।** स्थित होटल अमाया इन में "इंडिया नेक्स्ट मास्टर किड्स सीजन-3 के लिए ऑडिशन आयोजन किया गया था। जिसमें नन्हें बच्चों ने सिंगिंग, एक्टिंग, मॉडलिंग व डांसिंग में अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाया, इंडिया नेक्स्ट मास्टर किड्स सीजन-3 के ऑडिशन के आज जारी रिजल्ट में नोएडा के 15 बच्चे हुए सिलेक्ट। तरक्की के नित नए पायदान चढ़ रहे नोएडा में मॉडल, डांस व फैशन की दुनियां के लिए भी द्वार खुलने लगे हैं। मॉडलिंग और फैशन वर्ल्ड की तमाम कंपनियां यहां आकर बच्चों को उनके सपनों को साकार करने का मौका दे रही है। दृष्टि एंटरटेनमेंट द्वारा "इंडिया नेक्स्ट मास्टर किड्स सीजन-3" का आयोजन किया जा रहा है। ऑडिशन में पहुंचे बच्चों ने मॉडलिंग के साथ-साथ वॉयस कंट्रोल, डांसिंग व एक्टिंग का भी प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में शामिल रहे मशहूर कोरियोग्राफर व एक्टर बाबला कथूरिया ने बताया कि काफी संख्या में नन्हें बच्चों ने प्रतिभाग किया था। उन्होंने यह भी कहा कि बेस्ट टैलेंटेड बच्चों को आगे दिल्ली में आयोजित ग्रैंड फिनाले में लेकर जाएगें। छोटे शहरों के युवा मुंबई व अन्य शहरों में जाकर खो जाते हैं। संचार क्रांति के युग में अब बड़ी-बड़ी कंपनियां छोटे शहरों की ओर रुख कर रही है। फाउंडर चेयरमैन मनीष कथूरिया ने बताया कि हमने कई शहरों में ऑडिशन आयोजित किए थे, इस शो का मुख्य उद्देश्य शहरों से प्रतिभाओं की खोज करना और उन्हें बॉलीवुड तक पहुंचाना व उनके सपनों को पूरा करने में मदद करना है। शो का ग्रैंड फिनाले दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर दृष्टि एंटरटेनमेंट के मशहूर कोरियोग्राफर व एक्टर बाबला कथूरिया, दृष्टि एंटरटेनमेंट के फाउंडर चेयरमैन मनीष कथूरिया, डायरेक्टर धीरज विग, मिसेज इंडिया-ब्यूटी विग, मिस इंडिया मीनाक्षी चौधरी, मिस्टर इंडिया विशाल ग्रोवर व अर्णब गोस्वामी सहित फैशन दुनिया के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पाकेट 7 सेक्टर 82 में 7 अप्रैल से भव्य श्री राम कथा का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा ।** सेक्टर 82 स्थित पाकेट 7 के सेन्ट्रल पार्क में भव्य श्री राम कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसका श्री गणेश 7 अप्रैल कलश यात्रा से होगा 7अप्रैल दिन शुक्रवार को प्रातः 8 बजे से कलश यात्रा सेक्टर 82 पाकेट 7 से गेंझा , विवेक विहार पाकेट 12 सुपर एम आईं जी से होते हुए धूमधाम से निकाली जाएगी । श्री राम कथा 7अप्रैल से प्रारम्भ होगी और 16 अप्रैल को हवन आरती के साथ कथा का विश्राम होगा। कथा प्रतिदिन अपरान्ह 4 बजे से 8 बजे तक होगी। निखिल धाम वनखंडी सरकार गैपरा जौरा मुरैना से पधारे कथा व्यास अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी पंचमानंद जी महाराज के श्रीमुख से भगवत्प्रेमी श्रोतागण अमृतमयी कथा का रसपान कर सकेंगे। 16 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 8 बजे से हवन एवं भंडारे के आयोजन के साथ कथा का विश्राम होगा। सभी भगवत अनुरागी श्रोतागण अमृतमयी कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करें।



# यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन हुआ पूरा, अब परिणाम की तैयारी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** यूपी०बोर्ड ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2023 की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन प्रधान परीक्षकों एवं परीक्षकों को क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से पहली बार ऑडियो-वीडियो माड्यूल से प्रशिक्षण देकर मूल्यांकन कराने



निर्धारित तिथि से एक दिन पहले पूरा कराकर रिकॉर्ड बनाया है। मूल्यांकन पूरा होने के साथ यूपी बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ल ने परीक्षाफल को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। अप्रैल में परिणाम घोषित किया जा सकता है।यूपी बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य 18 मार्च से शुरू हुआ, जो कि एक अप्रैल तक चलना था, लेकिन उप से कार्य तेजी से चला। इसकी निगरानी सीसीटीवी से कराई गई। मूल्यांकन केंद्रों पर पहली बार स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी लगाए गए थे, जिससे कार्य सुगमता से और तेजी से हुआ। इस अवधि में हाईस्कूल की 1.86 करोड़ तथा इंटरमीडिएट की 1.33 करोड़ को मिलाकर कुल 3.19 करोड़ उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया।

# श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन रविवार से

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा ।** सेक्टर 34 स्थित श्री



जगन्नाथ मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन रविवार 2 अप्रैल से प्रारंभ किया जा रहा है। कथा शुरू होने से पहले 151 महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस कथा का आयोजन जगन्नाथ सेवा संघ एवं समाजसेवी अनिल गुप्ता के विशेष सहयोग से किया जा रहा है। जगन्नाथ सेवा संघ के पदाधिकारियों द्वारा बताया गया है कि श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 2 से 9 अप्रैल तक चलेगा। कथावाचक पद्मश्री रमेश बाबा जी के नेतृत्व में कथा व्यास डॉ. आचार्यश्री रामजी लाल शास्त्री कथा का पाठ करेंगे। कथा का आयोजन प्रतिदिन शाम 2 बजे से 6 बजे तक किया जाएगा। कथा वाचक श्री शास्त्री जी का जगन्नाथ सेवा संघ के सदस्य समीसेन राऊत एवं नरेश लेनका द्वारा स्वागत किया जाएगा। कलश यात्रा का संचालन अनिल गुप्ता, व्यवस्था अनिल शर्मा एवं श्री उपाध्याय एवं संयोजक राजेश अग्रवाल करेंगे। शहर के तमाम श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि कलश यात्रा एवं भागवत कथा में शामिल होकर ज्ञान रूपी कथा का श्रवण करें। कथा में पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए आयोजकों द्वारा भोजन प्रसाद की भी व्यवस्था भी रखी गई है।

# मुख्यमंत्री का 5 को अब लालपुर नहीं ब्यौहारी में होगा कार्यक्रम

**तैयारियों की समीक्षा के बाद प्रशासन ने सभा स्थल और हेलीपैड का किया निरीक्षण**



(आधुनिक समाचार सेवा)

**शहडोल ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चीन 5 अप्रैल को जिला प्रवास पर आएंगे लेकिन उनका कार्यक्रम लालपुर हवाई पट्टी नहीं बल्कि ब्यौहारी में होगा। मुख्यमंत्री पोखरी में आयोजित तेंदूपता लाभांश वितरण एवं पेसा एक्ट कार्यक्रम में शामिल होगे। जिसकी तैयारियों के संबंध में कमिश्नर राजीव शर्मा, विधायक शरद कोल, एडीजीसी सागर, कलेक्टर वंदना वैद्य, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने आज सभा स्थल और हेलीपैड का निरीक्षण किया। कमिश्नर ने इस दौरान अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने तैयारियों के संबंध में समुचित जानकारी कमिश्नर द्वारा व्यवस्थाओं का मौके पर ही समोधा की गई। एक लाख लोग होंगे एकत्रित बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रमः में एक लाख से अधिक लोगों के जुटने की संभावना है। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा दो। भोजन की तैयारियों को गई है। भोजन बनाने का कार्य 4 अप्रैल को आधी रात से किया जाएगा।

# पिकअप वाहन ने बाइक सवार को मारी जोरदार ठोकर एक की मौके पर मौत दो घायल

(आधुनिक समाचार सेवा)

**मैहर।** आज रात देहात थाना हप् 30 पंकज ढाबा के पास हुआ बड़ा हादसा पिकअप ने मारा है बाइक को ठोकर एक की मौके पर मौत दो लोग गंभीर रूप से घायल दो घायलों में एक की हालत गंभीर जिन्हें सिविल हॉस्पिटल में घर में भर्ती कराया गया देवरा के रहने वाले हैं। हादसे में संजू कोल रहने वाला नागौद क्षेत्र शिवरामपुर का है जिसकी मौके पर हुई मौत और दूसरा घायल विकास कोल रहने वाला देहात क्षेत्र ग्राम पंचायत देवरा का है जो कि गंभीर रूप से घायल है जिसका उपचार सिविल हॉस्पिटल मैहर में चल रहा है और एक अन्य हुआ घायल जिसे अंदरूनी सामान्य चोट आई है। जिन्हें डायल 100 की मदद से मैहर सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया यह तीनों रिश्तेदारी से अपने घर जा रहे थे। पिकअप ड्राइवर ट्रक को कर रहा था ओवरटेक दरअसल, पिकअप वाहन में ट्रक को ओवरटेक कर रहा था, इसके पीछे से पिक अप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसके कारण एक बड़ा हादसा हुआ।

# अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा बार्षिक अधिवेशन आयोजित

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा ।**अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित गोपाल दत्त मौजूद रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में अलीगढ़ के सांसद सतीश गौतम पूर्व मंत्री और शिकारपुर से विधायक अनिल शर्मा गौतम बुध नगर के सांसद और पूर्व मंत्री डॉ महेश शर्मा की उपस्थिति सराहनीय रही। सम्मेलन में जनपद बुलंदशहर के ही नहीं गाजियाबाद गौतम बुध नगर हापुड़ सभी लोगों ने शिरकत क इस मौके पर बंदना वशिष्ठ प्रदेश मंत्री ब्राह्मण महासभा बी डी शर्मा हापुड़ , मांगेराम शर्मा नगर अध्यक्ष दादरी ,जिला कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा गौतम बुद्ध नगर एवं बुलंदशहर के कोने-कोने से लोग भारी संख्या में वहां आए सभी ने समाज को एक करने पर जोर दिया और मांग की भगवान परशुराम जयंती पर राजपत्रित अवकाश घोषित हो ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन हो ब्राह्मणों पर होने वाले अत्याचार के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो यह प्रस्ताव पास किए गए यह भी प्रस्ताव पास किया गया कि अभी निकट भविष्य में जिस प्रकार जयपुर में एक विशाल ब्राह्मण सम्मेलन आयोजित हुआ था उसी तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी इसी प्रकार का सम्मेलन आयोजित करना है उसके लिए सहमति बनाएंगे कि वह कहां आयोजित हो जिला अध्यक्ष बुलंदशहर महेश भारद्वाज मैं अपने साथियों के साथ बहुत मेहनत की जिसके कारण अपार भीड़ वहां मौजूद रही।

# उप निरीक्षक प्रवीण मलिक के विदाई समारोह में क्षेत्र के दर्जनों लोगों रहे मौजूद

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा ।**नोएडा गाजियाबाद थाना टीला मोड़ क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चौकी तुलसी निकेतन पर तैनात



चौकी इंचार्ज प्रवीण मलिक का स्थानांतरण होने के बाद क्षेत्र के गणमान्य कई लोगों ने प्रवीण मालिक की विदाई समारोह में हिस्सा लिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, आपको बताते चलें की 29 मार्च को पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिन्डन गाजियाबाद के द्वारा उप निरीक्षकों के स्थानांतरण किए गए थे जिसमें चौकी तुलसी निकेतन प्रभारी प्रवीण मलिक को पीआरओ डीसीपी ट्रांस हिंडन बनाया गया था। वही थाना टीला मोड़ पर तैनात उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र को थाना टीला मोड़ से चौकी तुलसी निकेतन प्रभारी बनाया गया, उप निरीक्षक प्रवीण मलिक ने तकरीबन 18 महीने तक चौकी तुलसी निकेतन का पदभार संभाला और क्षेत्र की छोटी से छोटी समस्या को गंभीरता से लेते हुए उनका निस्तारण समय पर किया, जैसे ही उनके स्थानांतरण की सूचना क्षेत्र के लोगों को पता चली तो चौकी पर उन्हें विदाई देने के लिए लोगों का आवागमन शुरू हो गया। उप निरीक्षक प्रवीण मलिक के विदाई समारोह के दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष श्रीनिवास बंसल, पत्रकार पंकज तोमर, भाजपा नेता उदयवीर उर्फ भोला, डॉ हरीश चौहान, तस्लीम चौधरी, भाजपा नेता अनिल कुमार, पत्रकार मनोज कुमार, कालू चौहान, सलमान, धर्मेंद्र गौतम के साथ कई अन्य लोग मौजूद रहें।

# 'भाबीजी घर पर हैं' की 'अंगूरी भाभी' ने तलाक के बाद करा डाला ऐसा बोल्ड फोटोशूट यूजर ने कहा- शुरुआत हो चुकी है


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** टीवी के फेमस कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' की एक्ट्रेस रही हैं। ऐसे में एक बार फिर से उनकी एक लेटेस्ट तस्वीरें ने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा कैमरे के सामने देखकर पोज दे रही हैं, वो किसी को भी अपना दीवाना बना सकती हैं। शुभांगी



बीते काफी वक्त से दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो की कहानी ही नहीं, बल्कि इसके सभी किरदार भी दर्शकों के बीच काफी चर्चा में रहते हैं। ऐसे में अंगूरी भाभी का किरदार काफी पसंद किया जाता है। बीते दिनों 'अंगूरी भाभी' यानी शुभांगी अत्रे तलाक की खबरों को लेकर सुर्खियों में रहीं। इस खबर से शुभांगी के फैंस को बड़ा झटका लगा था। वहीं, तलाक के बाद शुभांगी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव नजर आ रही हैं। वह एक के बाद एक अपने फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के साथ शेयर कर है। शुभांगी अत्रे ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में शुभांगी बोल्ड अवतार में नजर आ रही है। फोटो में आप देख सकते हैं कि एक्ट्रेस ब्लैक कलर का आउटफिट पहनकर चेयर बैठकर पोज दे रही हैं। उन्होंने डीप नेक टॉप के साथ ब्लेजर कैरी किया है। वो अपने इस डीप नेक टॉप में अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। इस दौरान शुभांगी ने हाई पोनी की है, जो उनके लुक को काफी हॉट बना रहा है। एक्ट्रेस जिस तरह से अत्रे के इस तस्वीर को जहां कई यूजर्स काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं, कई उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। इस पर कमेंट कर एक यूजर ने लिखा, 'शुरू हो गई है शुभांगी जी की और भी हॉट तस्वीरें देखने के लिए तैयार हो जाइए।' एक ने लिखा, 'फाइनली आपने अपनी हॉटनेस और कर्व्स को दिखाया।' एक दूसरा यूजर लिखता है, 'तलाक के बाद बोल्ड अवतार बाहर निकल रहा है।' वहीं, कई यूजर्स ने उन्हें बोल्ड वेब सीरीज में काम करने की बात कहते नजर आ रहे हैं।

# अजय देवगन और काजोल की 'नॉटी' हैं लव स्टोरी, पढ़कर कहेंगे, 'प्यार तो होना ही था'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अजय देवगन और काजोल ने 1999 में शादी की है। इससे पहले दोनों एक-दूसरे को 4 वर्षों तक डेट करते रहे। दोनों को 2 बच्चे भी हैं, जिनके नाम न्यासा और युग है। अजय देवगन और काजोल की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। दोनों को एक-दूसरे से काफी अलग माना जाता है। दोनों की पर्सनालिटी में भी काफी भिन्नता है, जहां काजोल को बबली और बातूनी स्वभाव का जाना जाता है। वहीं, अजय देवगन इंटरव्यू में अपने रिश्ते के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि कई लोगों का मानना था कि हम दोनों की शादी की बात कई लोगों को नहीं जंच रही थी। काजोल अपने रिश्ते के बारे में बताते हुए कहती है, 'कोई नहीं चाहता था कि हमारी शादी हो। इसमें हमारे परिवार के लोग भी शामिल है। मेरा परिवार भी झिझक रहा था। मेरे पिता ने इस बारे में मुझसे 1 सप्ताह बात नहीं की, जब मैंने उन्हें कहा कि मैं अजय देवगन से शादी करना चाहती हूं। उन्होंने मुझसे कहा- तुम शादी



बहुत ही शांत व्यक्ति है। अजय देवगन और काजोल की मुलाकात 1995 में फिल्म हलचल के सेट पर हुई थी। काजोल को यह फिल्म दिव्या भारती के निधन के बाद मिली थी। पहले दोनों एक-दूसरे को पसंद नहीं करते थे। हालांकि, सेट पर दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ गई। दोनों 4 वर्षों तक एक-दूसरे को डेट करते रहे। उन्होंने अपने रिश्ते को छुपाकर रखा था। काजोल और अजय देवगन ने 24 फरवरी 1999 में मुंबई में शादी कर ली। इसके बाद दोनों ढाई महीने के लिए यूरोप हनीमून मनाने चले गए। काजोल ने 2018 में नेहा धूपिया को दिए क्यों करना चाहती हो तुम अभी यंग हो। अभी तुम्हारा करियर अच्छा कर रहा है और मैंने उन्हें कहा कि नहीं लेकिन मुझे शादी करनी है।' काजोल आगे कहती हैं, 'अजय और मुझमें बहुत अंतर हैं। कई लोगों को इस बात को लेकर भी चिंता थी कि हम एक जोड़े के तौर पर कैसे होंगे। हम ज्यादा सोशल भी नहीं होते थे। बहुत कम लोग हमसे मिलते थे तो उनको पता नहीं था कि हमारी बॉन्डिंग कैसी है।

# रवि किशन का दावा, निर्माता से की थी नहाने के लिए 25 लीटर दूध और सोने के लिए गुलाब के बिस्तर की मांग

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म अभिनेता रवि किशन ने एक इंटरव्यू दिया है। इस अवसर पर जब उनसे पूछा गया लोकप्रियता उनके दिमाग में चढ़ गई थी और वह बदतमीज हो गए थे और कुछ भी मांग करते थे। रवि किशन ने अपनी मजेदार मांग सुनाते मिलती। रवि किशन फिल्म अभिनेता हैं और वह गोरखपुर से सांसद भी है। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। उनकी फिल्में काफी पसंद की



कि क्या उनके साथ डील करना बहुत मुश्किल है क्योंकि उन्हें सोने के लिए फूलों का बिस्तर और नहाने के लिए दूध लगता है। इस पर रवि किशन ने हंसते हुए हामी भरी। रवि किशन ने इस बात का भी खुलासा किया कि अनुराग कश्यप की फिल्में गैंग ऑफ वासेपुर में उन्हें बहुत अच्छा रोल मिल रहा था। हालांकि, उनकी उटपटांग मांगों के कारण उन्हें फिल्म नहीं मिली और उन्हें अब इसका पछतावा है। रवि किशन ने यह भी कहा कि हुए कहा कि उन्होंने एक बार निर्माता से 25 लीटर दूध नहाने के लिए और सोने के लिए गुलाब का बिस्तर मांगा था। उन्होंने यह भी कहा कि लोग उन्हें अल पचीनो और रॉबर्ट डे नीरो की फिल्में देखने के लिए कहते थे ताकि वह समझ सके कि एक मूवी स्टार कैसा होता है। रवि किशन ने यह भी माना कि वे खुद को देसी स्टार मानते हैं और अगर वह दूध से नहाते और फूलों के गुलदस्ते पर सोते तो उन्हें एक अभिनेता के तौर पर और पहचान गई है। वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय हैं। वह जल्द कई फिल्मों में नजर आने वाले हैं। उन्होंने कई वेब सीरीज में भी काम किया है। रवि किशन का कहना है कि अब वह बदल गए है और अब उनमें बहुत विनम्रता आ गई है। रवि किशन ने कई कलाकारों के साथ काम किया है। उनका अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है। वह कई कलाकारों के साथ कई शो में भी नजर आ चुके है।

# भोजपुरी सुपरस्टार प्रदीप पांडे चिंटू ने खरीदी बेहद कीमती लग्जरी कार, कीमत जानकर उड़ जाएंगे होश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार प्रदीप पांडे चिंटू के लिए साल 2023 बेहद खास रहा है। प्रदीप ने इस साल एक के बाद एक कई बेस्ट एक्टर का अवार्ड जीते हैं। इस बात को लेकर वह प्रदीप ही नहीं बल्कि उनके फैंस भी काफी खुश हैं। वहीं, अब एक्टर के फैंस के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही हैं। प्रदीप पांडे चिंटू ने एक ब्रांड न्यू लग्जरी गाड़ी खरीदी है। इस गाडी की कीमत आपको हैरान कर देगी।आपको बता दें कि चिंटू ने 2 करोड़ की कीमत वाली मर्सिडीज जीएलएस 400 गाड़ी खरीदी है। ये गाड़ी बेहद एडवांस तकनीक से भरी हुई है। इस गाड़ी की कमीत लाखों में नहीं, बल्कि करोड़ों में हैं। बता दें कि प्रदीप की ये गाड़ी 2 करोड़ की कीमत वाली है। ऐसी गाड़ी आज तक शायद ही किसी भोजपुरी स्टार के पास हो। गौरतलब है कि भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू ने इतिहास रच दिया था। उन्हें इस साल लगातार 4-4 अवॉर्ड शो में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिल चुके हैं। चिंटू को ग्रीन सिनेमा अवॉर्ड में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड, चिंटू को ग्रीन सिनेमा अवॉर्ड से पहले अयोध्या में आयोजित भोजपुरी सिने अवॉर्ड, 22 देशों के फिल्म जगत से जुड़े लोगों के बीच झारखंड इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और 17वें भोजपुरी फिल्म अवॉर्ड में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिल चुका है। वे इन दिनों काजल राघवानी के साथ इश्क फरमा रहे हैं। यानी उनकी फिल्म इश्क आने वाली है। आपको बता दें कि भोजपुरी सिनेमा के सुपर स्टार प्रदीप पांडेय चिंटू के सितारे इन दिनों बुलंदियों पर हैं। प्रदीप ने साल 2023 में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता है। वहीं, अब उनकी और भोजपुरी क्वीन काजल राघवानी की फिल्म 'इश्क' का फर्स्ट लुक हाल ही में सामने आया है। पोस्ट में काजल राघवानी और प्रदीप पांडेय चिंटू लहूलुहान नजर आ रहे थे। इस फिल्म के पोस्टर से साफ पता चल रहा है कि ये लव स्टोरी पर बेस्ड है। काजल और चिंटू के फिल्म का पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उनकी फिल्म इश्क के चर्चे अब सरेआम हो रहे हैं।



# इस एक्टर का चबाकर थूका हुआ च्यूइंग गम 45 लाख रुपये से अधिक में हुआ नीलाम, नाम सुनकर खुला रह जाएगा मुंह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सिनेमाई फैंस अपने पसंदीदा स्टार पर जमकर प्यार लुटाते हैं। फिर चाहे वो बॉलीवुड के स्टार हो या फिर हॉलीवुड इनको लेकर फैन्स का क्रेज देखते ही बनता है। वहीं, अगर बात आयरन मैन फेम सुपरस्टार रॉबर्ट डाउनी जूनियर की करें तो ये दीवानगी चार गुनी हो जाती है। रॉबर्ट के फैन न सिर्फ हॉलीवुड बल्कि बॉलीवुड में भी हैं, लेकिन इसी बीच एक्टर को लेकर एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे सुनकर आपके भी कान खड़े हो जाएंगे। आपको सुनकर यकीन होगा, लेकिन ये सच है कि आयरन मैन फेम रॉबर्ट डाउनी जूनियर की चबाकर थूकी हुई च्यूइंग गम को ऑनलाइन बेचा जा रहा है, जिसकी कीमत सुनकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी। रॉबर्ट की चबाकर थूकी हुई च्यूइंग गम की नीलामी हो रही है। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक ये च्यूइंग गम 45 लाख रुपए में बिक रहा है। वहीं, ये फाइनल नहीं बल्कि बेस प्राइस है। बता दें कि ई बे पर इस च्यूइंग गम की नीलामी हो रही है। इस खबर पर तेजी से सोशल मीडिया यूजर्स रिएक्ट कर रहे हैं। बता दें कि 13 फरवरी, 2023 को एक्टर/फिल्ममेकर जॉन फैवरो का लॉस एंजेलिस में डॉल्बी थिएटर के पास हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम स्टार का अनावरण हुआ था। बता दें कि वहां सड़क किनारे साइडवॉक पर ढेर सारे फिल्म स्टार्स और फिल्ममेकर्स के नाम का स्टार बना हुआ है। इस दौरान फिल्ममेकर जॉन फैवरो के साथ रॉबर्ट डाउनी जूनियर और इंटरनेशन शेफ रॉय चोई भी मौजूद थे। इसी इवेंट के दौरान रॉबर्ट ने अपने मुंह से मुंह से च्यूइंग गम निकालकर जमीन पर चिपका दिया। इसके बाद फिर क्या था एक शख्स ने उस च्यूइंग गम को उठा लिया और ईबे पर नीलामी के लिए डाल दिया। इस खबर ने हर किसी को हैरान कर दिया है।



# अक्षय कुमार ने किया ऐसा प्रैंक, वीडियो देख हंस-हंसकर लोट-पोट हो जाएंगे आप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार को उनके फनी अंदाज के लिए जाना जाता है। एक्टर अक्सर अपने आसपास के लोगों के साथ हंसी-मजाक करते कर रहे होते हैं। वहीं जब मनीष अक्षय को उठाने की कोशिश करते हैं तो वो इस मिशन में फैल हो जाते हैं। इसे देखकर मनीष हैरान हो जाते हैं कि अक्षय ने ऐसा कैसे





नजर आते हैं। ऐसे में जब अप्रैल फूल का दिन हो और अक्षय कुमार कुछ ना करें ऐसा कैसे हो सकता है। हाल ही में अक्षय ने अपनी क्लोदिंग ब्रांड ईर्ध्र्‌ र्द के फाउंडर मनीष मंदना के साथ ऐसा मजाक किया कि वहां मौजूद लोग छुप-छुपकर हसंते नजर आए। अक्षय के फैन भी उनके इस वीडियो को देखकर हंस-हंसकर लोटपोट हो रहे हैं। इस वीडियो में अक्षय कुमार क्लोदिंग ब्रांड के अन्य सदस्यों के साथ मौजूद हैं। वीडियो में अक्षय एक स्टूडियो में नजर आ रहे हैं जहां वो ब्रांड के फाउंडर मनीष के साथ प्रैंक करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान अक्षय अपने हाथ सीधे करते हैं और फिर मनीष को उठाते हैं। वो ऐसा दिखाने की कोशिश करते हैं कि उन्होंने अपने अपनी बाहों से मनीष को पूरी तरह उठा लिया है। जबकि इस प्रैंक में अक्षय की टीम के एक सदस्य उनकी हेल्प कर लिया। वीडियो में सेट पर मौजूद लोग छुप-छुपकर हंसते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को पोस्ट करते हुए कैप्शन में अक्षय ने लिखा, 'ये रही कुछ शरारतें जो आप आज के दिन ट्राय कर सकते हैं। मुझे बताओ कैसा लगा। अप्रैल फूल्स डे।' इस वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'सबसे अच्छी बात ये है कि अक्षय पाजी ने अपना खुदका मीम यूज किया है।' वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सर ये तो सिटिंग है। अक्षय कुमार इन फिल्मों में आएंगे नजर अक्षय के वर्क फ्रंट की बात करें तो फिलहाल वो फिल्म बड़े मियां छोटे मियां की शूटिंग में बिजी चल रहे हैं। इसकी शूटिंग के दौरान ही हाल ही में वो चोटिल भी हो गए थे। फिल्म में अक्षय टाइगर श्रॉफ संग रंग जमाते नजर आएंगे। इसके अलावा भी अक्षय कुमार कई सारी फिल्मों का हिस्सा हैं।

# दीपिका पादुकोण रणवीर सिंह प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास पैरालंपिक दीपा मलिक के साथ बातचीत करते आए नजर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर के उद्घाटन समारोह में कई कलाकार भाग लेने पहुंचे थे। इस अवसर पर कई खिलाड़ी भी मौजूद थे। अब पैरालंपिक है। उन्हें दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह और हेमा मालिनी से बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। दीपिका पादुकोण उनके बगल में खड़ी होकर बात कर रही है। दीपिका





पैरालंपिक दीपा मलिक ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह और हेमा मालिनी के साथ बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। वहीं, उन्होंने प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास के साथ ली हुई तस्वीरें भी शेयर की है। सभी काफी रिलैक्स मूड में नजर आ रहे हैं। गौरतलब है कि मुंबई में नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर का भव्य उद्घाटन किया गया है। इसमें कई अंतरराष्ट्रीय कलाकारों ने भी भाग लिया। वहीं, बॉलीवुड के भी कलाकार नजर आए। बॉलीवुड से प्रियंका चोपड़ा, शाह रुख खान, सलमान खान, आलिया भट्ट, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण जैसे कलाकारों ने भाग लिया। पैपराजी लगातार तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं। इस बीच दीपा मलिक ने भी कुछ तस्वीरें शेयर की है। वह एक को हंसते हुए भी देखा जा सकता है। अगली तस्वीर में दीपिका और रणवीर एक दूसरे का हाथ पकड़कर बात करते नजर आ रहे हैं। दीपा मलिक ने प्रियंका चोपड़ा और निक जोनास के साथ की भी तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें प्रियंका और निक को उनके साथ पोज करते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने प्रियंका चोपड़ा की सराहना भी की है। दीपा मलिक ने पैरालंपिक में गोल्ड भी जीता है। इसके चलते उनकी भारत में काफी ज्यादा लोकप्रियता भी है। वह एक अच्छी पैरालंपिक मानी जाती है। वह अच्छी स्पीकर भी मानी जाती है। उनका अंदाज फैंस को काफी पसंद आता है। वह अक्सर अपने फैंस से बातचीत भी करती है। वहीं, वह अपनी ट्रेनिंग की भी वीडियो शेयर करते है।

# ऐश्वर्या राय और आराध्या की तस्वीर को फैन ने शेयर कर लिखा, 'मेरे पसंदीदा', अभिषेक ने भी दिया रिएक्शन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** फिल्म एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या के साथ मुंबई में नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची थी। इस अवसर पर दोनों ने ट्रेडीशनल वियर पहन रखा था। दोनों काफी खूबसूरत लग रही थी। दोनों ने मेकअप भी कर रखा था। कार्यक्रम से जुड़ी एक तस्वीर एक फैन ने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा है, 'मेरे पसंदीदा।' इसपर अभिषेक बच्चन की भी इस पर नजर पड़ी और उन्होंने फैन की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा है, 'मेरे भी।' गौरतलब है कि अभिषेक बच्चन सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। वह अक्सर अपने फैंस से बातचीत भी करते हैं। इतना ही नहीं, वह अपनी हाजिर-जवाबी के लिए भी जाने जाते हैं। कई बार जब उन्हें इसी बात को लेकर ट्रोल किया जाता है तो वह उसका भी पलटवार करते हैं। ऐश्वर्या और आराध्या की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। दोनों काफी क्यूट लग रहे है। जहां ऐश्वर्या राय बच्चन ने खूबसूरत ड्रेस पहन रखी है। वहीं, आराध्या भी कूल लग रही है। इस बीच नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर के कार्यक्रम में कई कलाकारों ने भाग लिया है। इसमें प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, ऐश्वर्या राय बच्चन, आलिया भट्ट, करीना कपूर, करिश्मा कपूर कियारा आडवाणी, सिद्धार्थ मल्होत्रा और शाहिद कपूर जैसे नाम शामिल है। सभी लोग काफी तैयार होकर आए थे। सभी का अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा था।करती है गौरतलब है कि अभिषेक बच्चन सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। वह अक्सर अपने फैंस से बातचीत भी करते हैं। इतना ही नहीं, वह अपनी हाजिर-जवाबी के लिए भी जाने जाते हैं। कई बार जब उन्हें इसी बात को लेकर ट्रोल किया जाता है तो वह उसका भी पलटवार करते हैं। ऐश्वर्या और आराध्या की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। दोनों काफी क्यूट लग रहे है। जहां ऐश्वर्या राय बच्चन ने खूबसूरत ड्रेस पहन रखी है। वहीं, आराध्या भी कूल लग रही है। इस बीच नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर के कार्यक्रम में कई कलाकारों ने भाग लिया है। इसमें प्रियंका चोपड़ा, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, ऐश्वर्या राय बच्चन, आलिया भट्ट, करीना कपूर, करिश्मा कपूर कियारा आडवाणी, सिद्धार्थ मल्होत्रा और शाहिद कपूर जैसे नाम शामिल है। सभी लोग काफी तैयार होकर आए थे। सभी का अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा था।करती है। आराध्या ने इस अवसर पर बेबी पिंक सलवार सूट पहन रखा था। वहीं, उनकी मां ऐश्वर्या ने ओलिव ग्रीन और ब्लैक वेलवेट से बनी ड्रेस पहन रखी थी। दोनों के चेहरे पर मुस्कान थी इस कार्यक्रम में पूरे अंबानी परिवार ने भाग लिया। इसमें ईशा और आकाश अंबानी भी शामिल है। वहीं, अनंत अंबानी अपनी मंगेतर राधिका मर्चंट के साथ भी नजर आए। ऐश्वर्या राय बच्चन फिल्म एक्ट्रेस है। वह कई फिल्मों में अहम भूमिका निभा चुकी है। उनकी भूमिकाएं काफी पसंद की गई है। वह सोशल मीडिया पर भी अपनी फोटोज शेयर भी शेयर करती है।




स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com



**नोटः-** इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।